## न्यूज ब्रीफ

### युवक के खाते से एक लाख रुपये की हुई ऑनलाइन ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** साइबर अपराध का एक और मामला सामने आया है, जहां एक युवक के बैंक खाते से एक लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। जानकारी के अनुसार थाना आदर्श नगर कोतवाली क्षेत्र के भुहेरा सफेदाबाद निवासी पवन ने बताया कि 23 जनवरी को उसके बैंक खाते से तीन अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल एक लाख रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। पवन के अनुसार, ठगों ने रकम को एक संदिग्ध यूपीआई आईडी के जरिए ट्रांसफर किया। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने संबंधित थाने में लिखित शिकायत दी और जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### महिला का मोबाइल व सोने का लॉकेट चोरी

**निन्दूरा, बाराबंकी :** कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान चोरी की घटना हो गई। पीड़ित अनुराग दीपक निवासी ग्राम न्यामूपुर, पोस्ट नयागांव नेवादा, जिला सीतापुर ने बड्डूपुर थाना पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार अनुराग की पत्नी नमिता देवी 26 अप्रैल को ग्राम भवानीपुर स्थित ममता मैरिज लॉन में एक शादी समारोह में शामिल होने गई थीं। इसी दौरान रात करीब 11 बजे द्वारचार कार्यक्रम के समय किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। चोरी हुए सामान में दो मोबाइल के साथ-साथ सोने का एक लॉकेट भी शामिल है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

### आज पांच घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**रामनगर, बाराबंकी :** विद्युत विभाग द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के कारण बृहस्पतिवार को क्षेत्र के तीन फीडरों की बिजली आपूर्ति करीब पांच घंटे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र ओल्ड रामनगर पर सुबह 11 बजे से एसएमवीए की टेस्टिंग एवं अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान गणेशपुर, दूध डेयरी, डूडी और बिंदौरा फीडरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। कहा कार्य पूर्ण होने के बाद आपूर्ति तुरंत बहाल कर दी जाएगी।

### सर्पदंश से खेत गई बालिका हुई अचेत

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** खेत से लकड़ी बीनने जा रही 12 वर्षीय बालिका सर्पदंश की शिकार हो गई। कोतवाली क्षेत्र के केल्हनुआ गांव निवासी रामदयाल की 12 वर्षीय पुत्री अंजली आंधी पानी के बाद 4 बजे जानवरों को लेकर चराने गई थी। जानवरों को घास चरता छोड़कर खेत की तरफ लकड़ी बीनने जा रही थी कि तभी रास्ते में सर्प ने डंस लिया। जानकारी पर परिजन बालिका को लेकर सीएचसी गए।

### कीटनाशक पीने से महिला गंभीर, रेफर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने कीटनाशक का सेवन कर लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए लेकिन स्थिति गंभीर होने के चलते उसे रेफर कर दिया। महिला के पति राजशेखर ने बताया घटना के समय वह घर पर नहीं थे। फिलहाल हालत नाजुक बनी हुई है।

### एसपी ने किया दो थानों का औचक निरीक्षण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एसपी ने थाना सतरिख व कोठी का औचक निरीक्षण कर संबंधित को निर्देश दिए गए। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने निरीक्षण के दौरान समस्त कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, शस्त्रागार का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं लॉकअप, बैरक, भोजनालय व थाना परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

### खेत में अचेत हुए अधेड़ ने तोड़ा दम

**कोठी, बाराबंकी :** मेंथा की निराई के दौरान खेत में मौजूद अधेड़ किसान अचानक गिर गया। मौजूद परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार यह घटना कोठी थाना क्षेत्र में ग्राम मिर्जापुर मजरे मांदूपुर में बुधवार की सुबह हुई। इस गांव का रहने वाला राजाराम रावत 46 मेंथा की निराई के लिए खेत गया था, इस दौरान उसकी बेटी किरन व अनुज वधू रेनू भी मौजूद थीं। बताया जा रहा कि खेत में मौजूद राजाराम अचानक जमीन पर गिर पड़ा। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां मृत घोषित कर दिया गया।

# कुर्सी व हैदरगढ़ में आंधी-बारिश का कहर, दो की हालत गंभीर

## बिजली आपूर्ति लड़खड़ाई , मौसम सुहावना होने से गर्मी से मिली राहत

**बदला मौसम**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** जिलावासियों के लिए बुधवार की दोपहर खुशखबरी जैसी रही। अचानक मौसम ने करवट ली और धूल भरी आंधी के साथ बादल गड़गड़ाने लगे। हालांकि कुर्सी क्षेत्र में बारिश के दौरान ओलावृष्टि हुई तो हैदरगढ़ में आंधी ने काफी नुकसान कर डाला। इस दौरान दो लोग घायल हुए तो विद्युत आपूर्ति छिन्न भिन्न हो गई। जिले के अन्य इलाकों में बूंद भर पानी नहीं गिरा, केवल गर्मी से राहत मिली।

बुधवार की सुबह रोज की तरह गर्मी ने पैर पसार लिए थे। दोपहर तक सबकुछ सामान्य था पर करीब दो बजे के बाद मौसम अचानक बदला और आसमान को बादलों ने घेर लिया। कुछ ही पल में धूल भरी आंधी शुरु हो गई और बिजली कौंधने लगी। बाराबंकी शहर, देवा, मसौली, रामनगर, रामसनेहीघाट, सिरौलीगौसपुर, फतेहपुर जैसे इलाकों में मामला आंधी और बिजली कड़कने तक ही सीमित रहा।

**हैदरगढ़ प्रतिनिधि** के अनुसार बुधवार की दोपहर लगभग तीन बजे अचानक तेज हवाएं चलने लगी और हवाओं ने आधी तूफान का रूप ले लिया। इसी दौरान तहसील मुख्यालय के गेट के निकट जड़ से उखड़े बालम खीरा के विशालकाय पेड़ ने तहसील परिसर की चहारदीवारी तोड़ी फिर फायर स्टेशन के परिसर में जा गिरा। पेड़ की चपेट में आकर फायर स्टेशन का गेट भी क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान तहसील परिसर में ही महुआ का पेड़ भी गिर जाने से तहसील मुख्यालय के छज्जे का एक हिस्सा भी टूट कर गिर गया। पश्चिमी गेट से बाहर निकल रहे अधिवक्ता लोनीकटरा थाना क्षेत्र के निवासी अनिल कुमार गौतम 42 वर्ष गंभीर रूप से घायल हुए, उनका सीएचसी में उपचार जारी है। इसी थाना क्षेत्र में मंगलपुर कालोनी ककरी निवासी 12 साल का सौरभ अचानक उस पर टीनशेड गिरने से घायल हो गया। उसे लखनऊ रेफर किया गया है।

तहसील प्रशासन की ओर से जहां तत्काल अग्निशमन केंद्र के परिसर में गिरे पेड़ को हटवाया गया, वहीं बिजली आपूर्ति सुचारु करने के प्रयास जारी हैं। उधर कुर्सी इलाके में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। जिससे हालिया फसलों को नुकसान की संभावना है।



हैदरगढ़ तहसील गेट पर गिरा पेड़। अमृत विचार


हैदरगढ़ फायर स्टेशन के गेट पर गिरा पेड़।


बाबागंज में गिरे ओले। अमृत विचार

# विधानमंडल का विशेष सत्र आज, हंगामे के आसार

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी
- पक्ष-विपक्ष आमने-सामने, महिला विधायकों की भूमिका अहम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का एक दिवसीय विशेष सत्र गुरुवार को हंगामेदार रहने के आसार हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े संशोधन विधेयक के लोकसभा में गिरने के मुद्दे पर योगी सरकार सदन में निंदा प्रस्ताव लाने की तैयारी में है, जबकि विपक्ष इसके खिलाफ जोरदार विरोध की रणनीति बना चुका है। सूत्रों के अनुसार, सुबह 11 बजे सत्र शुरू होने से पहले भाजपा गठबंधन के विधायकों और मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी विधायक दल की बैठकें होंगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। भाजपा ने इस सत्र में महिला सशक्तीकरण को प्रमुख मुद्दा बनाते हुए महिला मंत्रियों और विधायकों को अग्रिम भूमिका देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से महिलाओं के लिए किए गए कार्यों और योजनाओं को सदन में प्रमुखता से रखा जाएगा। सियासी सरगर्मियों के बीच आज का विशेष सत्र न केवल महिला आरक्षण के मुद्दे पर बहस का मंच बनेगा, बल्कि पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का भी केंद्र रहेगा।

**निंदा प्रस्ताव पर टकराव तय:** सरकार का मानना है कि संशोधन विधेयक को गिराना विपक्ष की महिला विरोधी सोच को दर्शाता है और इसी आधार पर निंदा प्रस्ताव पारित कराने की तैयारी है। वहीं मुख्य विपक्षी दल सपा ने पलटवार करते हुए आरोप लगाया है कि सरकार स्वयं महिला आरक्षण लागू करने में देरी कर रही है। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर सदन में सरकार को घेरने की तैयारी में है।

### विधान परिषद में भी 'नारी सशक्तिकरण' पर चर्चा

विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विधान परिषद की कार्य परामर्शदात्री समिति की बैठक में गुरुवार के एजेंडे पर चर्चा की गई। बैठक में 'नारी सशक्तिकरण' विषय पर नियम-59(9) के तहत लोकहित में अनवरत चर्चा का प्रस्ताव पारित किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### चेक के जरिए चार लाख रुपये की धोखाधड़ी, बैंककर्मियों पर शक

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र में 4 लाख रुपये की चेक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बैंक कर्मियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार लखपेड़ाबाग़ की रहने वाली मरियम जहाँ ने अपने पुत्र मोहम्मद इमरान को 26 दिसंबर 2025 को 4 लाख रुपये की चेक दी थी। यह चेक भारतीय स्टेट बैंक, नबीगंज शाखा से जारी थी, जिसे इमरान ने इंडियन बैंक नाका सतरिख शाखा में जमा करने के लिए बैंक कर्मचारी पप्पू को सौंपा था। कर्मचारी ने आश्वासन दिया कि चेक उसी दिन क्लीयरेंस में लग जाएगी। तीन दिन बीत जाने के बाद भी जब राशि खाते में नहीं पहुंची, तो जांच करने पर पता चला कि चेक संबंधित कर्मचारी द्वारा किसी अज्ञात व्यक्ति को दे दी गई। बाद में जब पीड़िता ने चेक को निरस्त कराने के लिए बैंक में आवेदन किया, तो खुलासा हुआ कि उसी चेक के जरिए 29 दिसंबर 2025 को फर्जीवाड़ा कर 4 लाख रुपये एक अन्य खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर लिए गए। यह खाता सेंट्रल बैंक से जुड़ा बताया जा रहा है, जिसके खाताधारक का नाम राजीव चौधरी है। आरोप है मामले में बैंककर्मियों की मिलीभगत है। इस संबंध में एक जनवरी को थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई थी।

### औद्योगिक विकास को मिलेगी रफ्तार: डीएम


आईआईए पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** डीएम ईशान प्रताप सिंह ने व्यापार बंधु, श्रम बंधु एवं उद्योग बंधु की संयुक्त बैठक में पूर्व से लंबित समस्याओं की समीक्षा करते हुए कई मामलों का मौके पर समाधान किया। डीएम ने बैठक से पूर्व एजेंडा का अध्ययन किया था और स्वयं प्रगति व प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। बैठक के दौरान यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड में फायर स्टेशन, अनावासीय भवन निर्माण, सड़कों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट, विद्युत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की प्रगति पर चर्चा हुई। वहीं औद्योगिक क्षेत्र माती में सड़क निर्माण व जल निकासी के लिए नाला निर्माण, टूटी बाउंड्री पर गेट, स्टार्ट प्रोडक्शन प्रमाण पत्र, वेंडिंग कियोस्क आवंटन, रामसनेही घाट औद्योगिक क्षेत्र के आवंटन और सीवर लाइन व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी मंथन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

### गन्ना सर्वेक्षण नीति पर प्रशिक्षण संपन्न

**हैदरगढ़, बाराबंकी :** गन्ना सर्वेक्षण नीति 2026 के अनुपालन में बलरामपुर चीनी मिल्स लिमि. हैदरगढ़ में पेराई सत्र 2026-27 के लिए गन्ना सर्वेक्षण से संबंधित गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले की चारों समितियों तथा रायबरेली की दरियापुर व ऐशबाग समितियों के कर्मी, गन्ना पर्यवेक्षक, सचिव, गन्ना विकास निरीक्षक, चीनी मिल के गन्ना प्रक्षेत्र सहायक एवं अन्य प्रक्षेत्र स्तरीय अधिकारी तथा सर्वेक्षक कार्मिक शामिल हुए। ग्रामवार गन्ना सर्वेक्षण 1 मई से प्रारंभ होकर 30 जून तक संपन्न किया जाएगा। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि सही सर्वेक्षण के आधार पर ही आगामी पेराई सत्र की योजना, गन्ना क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता का सटीक आकलन संभव है। मुख्य गन्ना महाप्रबंधक बिनोद कुमार यादव ने सर्वेक्षण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं केडी सिंह ने जीपीएस आधारित डिजिटल गन्ना सर्वेक्षण की तकनीकी जानकारी दी।

### चयन वेतनमान में देरी पर शिक्षकों में नाराजगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में चयन वेतनमान को लेकर शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। यूनाइटेड टीचर एसो. के जिला अध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार ने बुधवार को वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक कार्यालय को मेल भेजकर आरोप लगाया कि करीब एक हजार शिक्षकों के चयन वेतनमान के आदेश जारी होने के बावजूद अब तक वेतन में इसका लाभ नहीं जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वीकृत आदेश वित्त एवं लेखाधिकारी को भेजे जाते हैं और ऑनलाइन सेवा पंजिका के आधार पर उसी माह वेतन निर्धारण कर लाभ दिया जाना चाहिए। इसके बावजूद कार्यालय द्वारा खंड शिक्षा अधिकारियों से सेवा पंजिका की प्रमाणित हार्ड कॉपी मांगी जा रही है, जो नियमों के विपरीत है और इससे प्रक्रिया लंबित हो रही है। शिक्षक संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि अप्रैल माह के वेतन में चयन वेतनमान का लाभ नहीं जोड़ा गया, तो 6 मई को अपराह्न 2 बजे वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय पर सैकड़ों शिक्षक धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### टॉप टेन विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार


सम्मानित हुए मेधावी। अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी :** राजकीय हाई स्कूल मित्तई में प्रधानाध्यापिका दीपमाला वर्मा के नेतृत्व में बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टॉप टेन में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को तिलक, माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया तथा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी दिए गए। विद्यालय में सनी सिंह ने 86% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अनमोल सिंह 85% अंक के साथ द्वितीय, नेहा 84% अंक के साथ तृतीय और नौसीम फातिमा 83% अंक के साथ चतुर्थ स्थान पर रहीं। आयुषी विश्वकर्मा पांचवें स्थान पर रहीं। इसके अलावा नबीरा बानो, आरती देवी, विनीता कुमारी, अंकी देवी और उजमा ने भी टॉप टेन में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### ई-लॉटरी से किसानों को किया जाएगा खरीफ बीज का वितरण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** खरीफ सीजन 2026 के लिए बीज वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। अब किसानों को पहले आओ-पहले पाओ के बजाय ऑनलाइन बुकिंग और ई-लॉटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद है। उप कृषि निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के पंजीकृत किसानों को विभिन्न योजनाओं के तहत बीज प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके बाद जिला स्तरीय समिति की निगरानी में ई-लॉटरी के जरिए लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। खरीफ 2026 में धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग, तिल, अरहर के साथ संकर मक्का व संकर बाजरा जैसे बीज भी उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बीज बुकिंग प्रक्रिया 25 अप्रैल से शुरू हो चुकी है और 10 मई अंतिम तिथि है। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। उप कृषि निदेशक ने स्पष्ट किया कि केवल विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत किसान ही अपनी जोत के अनुसार आवेदन कर सकेंगे। अधिक आवेदन होने पर चयन पूरी तरह ई-लॉटरी से होगा। चयनित किसानों को संबंधित कृषि बीज भंडार से बीज प्राप्त करना होगा। साथ ही अधिकारियों को ग्राम पंचायत स्तर तक योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 50 लाख का गांजा बरामद, 2 तस्कर बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सक्रिय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 98.927 किलोग्राम गांजा के अलावा एक बलेनो कार, दो एंड्रॉयड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल और 6,050 रुपये नकद भी जब्त किए गए। यह कार्रवाई एएनटीएफ थाना बाराबंकी की टीम द्वारा 28 अप्रैल को सुल्तानपुर जनपद के कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सौरमऊ के पास अंडरपास रोड पर की गई। पुलिस ने पवन कुमार तिवारी और वेदप्रकाश मिश्रा को गिरफ्तार किया है, जो सुल्तानपुर के लम्भुआ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। दोनों लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय बताए जा रहे। पूछताछ के दौरान मुख्य आरोपी पवन कुमार तिवारी ने बताया कि गांजा बिहार से मंगवाया गया था।



हाईस्कूल प्रदेश टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित करते विधायक व चेयरमैन। अमृत विचार

### द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जैदपुर कस्बे के थाना चौराहा स्थित द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज में बुधवार को वार्षिकोत्सव एवं परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया व विशिष्ट अतिथि विधायक गौरव रावत व नपा चेयरमैन शीला सिंह रहीं। प्ले ग्रुप में सूरज सोनी, प्राइमरी कक्षा में आयुष वर्मा, जूनियर वर्ग में वैभव लक्ष्मी और सीनियर वर्ग में फिजा मेराज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में अंशिका वर्मा ने प्रदेश में प्रथम स्थान, अदिति वर्मा ने द्वितीय स्थान और परी वर्मा ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। अतिथियों व कॉलेज के संस्थापक राकेश कुमार वर्मा ने सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को मेमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सांसद तनुज पुनिया ने कहा जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि एक साथ तीन बेटियों ने यूपी में शीर्ष स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। विधायक गौरव कुमार रावत ने कहा कि उनके जैदपुर विस क्षेत्र के इस विद्यालय से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएं पूरे प्रदेश में अव्वल रही हैं। नपा चेयरमैन शीला सिंह वर्मा ने कहा कि अब गांवों की बेटियां अपनी मेहनत और लगन के दम पर तेजी से आगे बढ़ रही हैं।


मेधावियों को सम्मानित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### मेधावियों का सम्मान, डीएम ने बढ़ाया उत्साह

**बाराबंकी, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट लोकसभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। डीएम ईशान प्रताप सिंह ने मेधावियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। कहा यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। हाईस्कूल में 97.83% अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पाईं अंशिका वर्मा, द्वितीय स्थान अदिति 97.50%, तृतीय स्थान परी वर्मा 97.33% के साथ दिव्या 96.67%, संध्या शिखा 96.67, निधि 96.50%, मोनिका यादव 96%, शिक्षा मिश्रा 96.33% और आराध्या राज 96.17% को सम्मानित किया गया। वहीं इंटरमीडिएट की टॉपर्स श्रेया वर्मा 97.20%, पूजा पाल 97.00%, अर्पिता जायसवाल 96% और आदित्य वर्मा 96% को भी सम्मान मिला। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पण, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच का महत्व बताया।

### भाकियू पदाधिकारियों पर रिपोर्ट हुई दर्ज, मांगी थी रंगदारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** एक उद्योगपति ने किसान यूनियन के पदाधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप यह कि यह लोग रंगदारी मांग रहे और कंपनी पर बेजा दबाव बनाने की कोशिश की गई। फिश गोल्ड इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हेमकरण माथुर द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि विनोद कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष भाकियू महात्मा टिकैत गुट, आजाद वर्मा, कमल कुमार वर्मा, शिवराज रावत, बसंत लाल वर्मा, उस्मान अली सहित अन्य सहयोगियों द्वारा अवैध रूप से धन उगाही की जा रही है। शिकायत के अनुसार, आरोपित लोग कंपनी से हर महीने 5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं और मांग पूरी न होने पर फैक्ट्री बंद कराने, कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और मालवाहक वाहनों को रोकने की धमकी दी जा रही है। यह भी आरोप है कि बाहरी लोगों को उकसाकर कंपनी के खिलाफ माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। निदेशक ने बताया कि कंपनी सभी सरकारी मानकों के अनुरूप कार्य कर रही, फिर भी आरोपितों द्वारा लगातार सरकारी विभागों में शिकायतें देकर दबाव बनाया जा रहा है। उनके पास कथित रूप से धन मांगने की रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। उद्योगपति ने कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे लाइसेंस सरेंडर करेंगे।

### अफसरों के निरीक्षण में एमडीएम व उपस्थिति में लापरवाही उजागर

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** तहसील क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बुधवार को अधिकारियों ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की स्थिति परखी। इस दौरान कई स्कूलों में मिड-डे मील (एमडीएम) योजना और साफ-सफाई व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय ने कंपोजिट विद्यालय जयचंदपुर और जेठवनी का निरीक्षण किया। जयचंदपुर विद्यालय में एमडीएम के तहत निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को दूध वितरित न किए जाने की शिकायत सही पाई गई, साथ ही परिसर में साफ-सफाई भी संतोषजनक नहीं मिली। वहीं जेठवनी विद्यालय में भोजन चूल्हे पर बनता पाया गया और यहां भी मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण नहीं हो रहा था। दूसरी ओर नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी ने प्राथमिक विद्यालय भुडेहरी और शाहपुर मुरारपुर का निरीक्षण किया। शाहपुर मुरारपुर में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, जहां एमडीएम मेन्यू के अनुसार भोजन वितरण, साफ-सफाई और शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित पाया गया। जबकि प्राथमिक विद्यालय भुडेहरी की स्थिति चिंताजनक रही, जहां 57 पंजीकृत छात्रों में केवल 23 की उपस्थिति मिली। यहां भी एमडीएम के तहत दूध का वितरण नहीं किया जा रहा था। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि के सहयोग के अभाव में व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं।

### 10वीं व 12वीं की मेधावियों को किया पुरस्कृत


जीजीआईसी में सम्मानित हुईं छात्राएं। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के जयशंकर सभागार में बुधवार को 10वीं व 12वीं की टॉप 10 छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका नंदिता सिंह ने छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परिणाम लगभग 91 प्रतिशत और इंटरमीडिएट परिणाम लगभग 86 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में रितिक रस्तोगी ने 88.34% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, आकांक्षा शुक्ला 88.33% अंक के साथ द्वितीय और प्रतिभा तिवारी 87% अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इंटरमीडिएट में नैना घोष ने 83.6% अंक प्राप्त कर प्रथम, बुशरा खातून और समरीन संयुक्त रूप से 82.4% अंक के साथ द्वितीय व अफीफा बानो 81.2% अंक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

### ईसीसीई एजूकेटर में दूसरे दिन 123 अभ्यर्थियों ने कराया अभिलेख सत्यापन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में 160 को-लोकेटेड परिषदीय विद्यालयों में बालवाटिका के अंतर्गत 5 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पढ़ाने हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से ईसीसीई एजूकेटर चयन प्रक्रिया के तहत काउंसिलिंग जारी है। बुधवार को काउंसिलिंग के दूसरे दिन 160 अभ्यर्थियों में से 123 अभ्यर्थियों ने उपस्थित होकर अपने मूल अभिलेखों का सत्यापन कराया। इससे पहले प्रथम दिन 105 अभ्यर्थी उपस्थित हुए थे। तीन दिवसीय काउंसिलिंग 28 से 30 अप्रैल 2026 तक कम्पोजिट विद्यालय बड़ेल में आयोजित की जा रही है, जिसमें कुल 480 अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने बताया कि सेवायोजन पोर्टल पर प्रकाशित विज्ञप्ति एवं रैण्डमाइजेशन के आधार पर चयन प्रक्रिया चल रही है। दूसरे दिन अनुपस्थित अभ्यर्थियों में अधिकतर अन्य जनपदों से थे, जिनकी संख्या 53 रही। तृतीय एवं अंतिम दिवस 30 अप्रैल को सूची क्रमांक 321 से 480 तक के 160 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रातः 10 बजे से होगी। इस अवसर पर चन्द्रशेखर यादव, जैनेन्द्र सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार वर्मा, आशुलिपिक राहुल शुक्ला, सहायक अध्यापक राजेन्द्र सिंह, ऋषि टण्डन, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, सन्तोष त्रिवेदी, ऋषि कुमार वर्मा, अरुण कुमार वर्मा, मनीष मौर्या सहित ईसीसीई एजूकेटर अंकिता वर्मा और मानसी वर्मा मौजूद रहीं।

### मायके पक्ष को बंधक बना मारपीट करने का आरोप

**फतेहपुर, बाराबंकी:** क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न के एक मामले में ससुरालवालों ने मायके पक्ष से न केवल मारपीट की बल्कि उन्हे बंधक बना लिया गया। सीतापुर निवासी जगन्नाथ के अनुसार, उन्होंने अपनी पुत्री रेनू का विवाह लगभग दो वर्ष पूर्व फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहसी निवासी शिव प्रकाश के साथ से किया था। पीड़ित ने बताया कि उनकी पुत्री बोल नहीं पाती है, जिसकी जानकारी पहले ही ससुराल पक्ष को दे दी गई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति शिव प्रकाश, ससुर लवकुश और सास द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर रेनू का उत्पीड़न किया जाने लगा। 27 अप्रैल को उसे घर से भगा दिया गया। अगले दिन 28 अप्रैल को जब पिता जगन्नाथ अपने बहनोई संतोष कुमार के साथ बेटी के ससुराल पहुंचे, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उन्हें रस्सी से बांधकर बंधक बना लिया गया।


बैठक में दिशा-निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### सूखा व बाढ़ से निपटने को तैयार रहें विभाग: डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट लोकसभागार में डीएम ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हीट वेव, सूखा प्रबंधन एवं संभावित बाढ़ से बचाव को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतने और राज्य कार्ययोजना के अनुसार समय से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। भीषण गर्मी को देखते हुए डीएम ने विद्यालयों में प्रार्थना सभा छायादार स्थान पर कराने, बच्चों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा विद्यार्थियों को टोपी, गमछा व पानी की बोतल लाने के लिए प्रेरित करने को कहा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल, छाया और जरूरत अनुसार कूलिंग सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों में दवाएं, ओआरएस, अतिरिक्त स्टाफ व उपचार व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। सूखा प्रबंधन की समीक्षा में सिंचाई विभाग को सूखे तालाबों व अमृत सरोवरों में पानी भराने के निर्देश दिए।

### गाय के हमले में घायल हुई महिला

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी :** कोतवाली क्षेत्र के जमडवा मजरे असेना गांव में बुधवार को गाय के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल निर्मला को परिजन तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने पेट में गहरे घाव होने पर इलाज शुरू किया। फिलहाल डॉक्टर ने महिला की हालत स्थिर बताई है।

# प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे लोग

## 594 किमी लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण समारोह में भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता में दिखा भारी उत्साह

संवाददाता, हरदोई,

**अमृत विचार।** जिले की धरा पर गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के लिए बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन हुआ। 36,230 करोड़ की लागत से निर्मित 594 किलोमीटर लम्बा का यह एक्सप्रेसवे आसपास के जिलों के लोगों के लिए 'मां गंगा का विस्तार सुख-समृद्धि अपार' लेकर आया। समारोह में पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्मृति स्वरूप मां गंगा की मूर्ति भेंट की। जिले की जनता ने तालियों के साथ भव्य स्वागत किया। एक्सप्रेसवे के उद्घाटन और प्रधानमंत्री की एक झलक पाने को भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जनता में गजब का उत्साह देखने को मिला।

जनसभा सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में विकास की नई तस्वीर उभर कर सामने आ रही है। एक्सप्रेसवे बन रहे हैं, उद्योग लग रहे हैं, लोगों को रोजगार मिल रहा है। भयमुक्त प्रदेश में बड़े-बड़े उद्योगपति निवेश कर रहे हैं, यूपी को पहले बीमारू और गड्ढे वाला प्रदेश कहा जाता था। लेकिन अब एक्सप्रेसवे वाला प्रदेश है। कहा कि उत्तर प्रदेश में बदल इंजन की सरकार ने विकास की नई नींव रखी है पुरानी सोच को बदला है और तेजी से विकास कर रहा है। पहले एक सड़क बनने में वर्षों लगते थे फ़ाइल दब जाती थी। अब तेजी से ब्लॉक मुख्यालय से लेकर राजधानी तक एक्सप्रेस हाइवें से जोड़ा जा रहा है। लेकिन सपा सहित पूरे विपक्ष को यह विकास रास नहीं आ रहा है। वह समाज को तोड़ने के साथ-साथ विकास को भी रोकना चाहते हैं। विकास विरोधी सपा ने नारी शक्ति वंदन बिल को पास नहीं होने दिया। सपा किसी भी वर्ग का विकास नहीं चाहती है। बिल पास न होने से सपा की महिला विरोधी मानसिकता उजागर हो गई है।



उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को स्मृति चिन्ह भेंट करते मुख्यमंत्री योगी।



कार्यकर्ताओं का हुजूम।



प्रधानमंत्री का कट आउट ले जाता साइकिल सवार।



### विकास के साथ-साथ पर्यावरण पर रहा फोकस

**हरदोई, अमृत विचार।** एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करने के साथ ही प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर वृक्षारोपण भी किया। पौधरोपण से उन्होंने यह संदेश दिया कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी जरूरी है।

### सेफ रूम में एक्सप्रेस वे के रूप में बनाई कृतियां देखीं

**मल्लावां।** गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण और जनसभा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हेलीकाफ्टर 12 बजकर 5 मिनट पर आया। उन्होंने एक्सप्रेस-वे पास बनाई गईं वाटिका में हरिशंकरी का पेड़ लगाया। पौधरोपण से उन्होंने यह संदेश दिया कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी जरूरी है। उसके बाद उन्होंने सेफ रूम में गंगा एक्सप्रेस वे के रूप में बनाई कृतियां देखीं। जिसमें मेरठ से लेकर प्रयागराज तक बनाया गया था। एक्सप्रेस-वे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, बृजेश पाठक ने हेलीपेड पर स्वागत और निरीक्षण भी किया।

### लोकार्पण समारोह में यह भी रहे उपस्थित

**मल्लावां।** एक्सप्रेसवे के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन प्रसाद, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी, सुरेश खन्ना, सांसद उन्नाव साक्षी महराज, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, हरदोई सांसद जयप्रकाश रावत राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, रजनी तिवारी, नरेंद्र कौशिक, एमएलसी अशोक अग्रवाल, विधायक आशीष सिंह आशू, श्याम प्रकाश, प्रभाष कुमार, माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू, प्रभाष कुमार, रामपाल वर्मा, अलका सिंह अर्कवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित कई विधायक और मंत्रियों सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बंगाल में मनाया जा रहा लोकतंत्र का उत्सव

**मल्लावां।** जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि आज लोकतंत्र का उत्सव का भी है। बंगाल में दूसरे चरण का मतदान हो रहा। कई खबरों से पता चल रहा है भारी मतदान हो रहा है। पहले की तरह बड़ी संख्या में लोग घरों से निकल रहे हैं। लम्बी-लम्बी कतारें लगी है। जो पिछले 6,7 दशकों में न हुआ वो आज हो रहा है, लोग भय मुक्त होकर निर्भीकता से वोटिंग कर रहे है। उन्होंने बंगाल की जनता का आभार प्रकट किया। कहा कि बिहार में जो इतिहास रचा, वही इन पांच राज्यों के चुनाव में भी होने जा रहा है। 4 मई के नतीजे विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करेंगे, देश के विकास की गति को नई ऊर्जा मिलेगी।

### साथ ले गए प्रधानमंत्री का कटआउट

**मल्लावां।** जनसभा में आए लोग प्रधानमंत्री के एक झलक के लिए उत्साहित रहे। लोकप्रिय प्रधानमंत्री को देखने के लिए लोग गर्मी में भी डटे रहे। प्रधानमंत्री की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक समर्थक एक हाथ से साइकिल चलाकर एक हाथ से उनका कट आउट उनको साथ लेकर घर ले गए।



हाथों से मोदी का चित्र बनाकर लाये सौरभ श्रीवास्तव। अमृत विचार

**मल्लावां।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियां पंडाल और मंच पर होती रही, लेकिन बंदीपुर निवासी सौरभ श्रीवास्तव ने अपने हाथों से मोदी का चित्र बनाकर ले गया था, हालांकि मोदी की नजर में न आने से मायूस होकर फोटो के साथ लौटा।



कार्यक्रम में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व अन्य अतिथि।

### विधायक के समर्थक रहे उत्साहित

**मल्लावां।** बिलग्राम -मल्लावां विधायक आशीष सिंह आशू के आह्वान पर क्षेत्र के कोने -कोने से कार्यकर्त्ताओं ने जनसभा को सफल बनाने के लिए पहुंचे। जब मंच पर उनका नाम बुलाया गया तो कार्यकर्त्ताओं ने ध्वनि मत से अपने चहेते विधायक का अभिवादन किया। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं का लोकार्पण और जनसभा को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### माफिया मुक्त यूपी, नया विकसित यूपी

**हरदोई, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा एक समय था यूपी माफियाओं से भरा था आये दिन कर्फ्यू के साथ अराजकता का माहौल रहता था। उसे जड़ से खत्म कर के यू पी में नये निवेश की परिकल्पना साकार हो रही है। यू पी के अंदर कई एक्सप्रेस वें, हाई वें डिस्ट्रिक्ट से और ग्रामीण सड़कों के विकास के साथ ब्लॉक और तहसील मुख्यालयों को फोर लेन के साथ जोड़ा जा रहा है। 594 किलोमीटर का यह गंगा एक्सप्रेस वें 18000 एकड़ लैंड अन्नदाता किसानो नें दिया और 7000 एकड़ गंगा एक्सप्रेस वें के समीप औद्योगिक क्षेत्र के लिए दिया जिससे ये गंगा एक्सप्रेस वें युवाओं को रोजगार में बढ़ावा मिलेगा। गंगा एक्सप्रेस वें के निर्माण में किसानो की अहम भूमिका रही तभी यूपी विकास की ओर तेजी से बढ़ पा रहा है। विकास भारत के योगदान में किसानो नें भरपूर साथ दिया, विकसित भारत की परिकल्पना को सार्थक किया है।



प्रधानमंत्री की जनसभा में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

### महिलाएं भी पहुंचीं

**मल्लावां।** पीएम मोदी को सुनने और देखने के लिए महिलाएं आगे रही है, महिलाओं में पीएम मोदी को करीब से देखने की लल्लक और उत्साह भी देखने को मिला, सुबह से काम काज छोड़कर पंडाल में डटी रही।

### पानी की रही डिमांड

गर्मियों के चलते पानी की मांग बहुतायत रही। प्रशासन की माकूल व्यवस्था के चलते कहीं पर कोई अव्यवस्था नहीं रही। कई दिनों से अधिकारी दिन-रात एक कर व्यवस्थाएं बनाने में लगे हुए थे।



गर्मी के चलते पानी के टेबल पर भी रही कार्यकर्ताओं की भीड़।



समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### संस्कृतिक कार्यक्रमों ने जमाया खूब रंग

**मल्लावां।** एक मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, पहले मंत्रो उच्चारण के आरती की गईं। उसके महिला कलाकारों ने उड़िया नृत्य के साथ अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किये। जो सराहा गया।

### गंगा एक्सप्रेसवे की सजाई गई झांकी

**हरदोई।** लोकार्पण स्थल पर गंगा एक्सप्रेसवे की एक झांकी भी सजाई थी, जिसमें दिखाया गया था कि तरह एक्सप्रेसवे किन-किन जिलों से होकर निकलेगा और इसके आसपास कौन सी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। झांकी को भी आए हुए अतिथियों ने देखा। मंत्री असीम अरुण ने झांकी के साथ सेल्फी भी ली।





गंगा एक्सप्रेसवे की झांकी देखते मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

### कार्यक्रम सकुशल निपटने पर प्रशासन ने ली राहत की सांस

**हरदोई, अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे लोकार्पण कार्यक्रम सकुशल निपटने पर प्रशासन ने राहत की सांस ली। जिस दिन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। उसी दिन से जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, सीडीओ सान्या छाबड़ा, एडीएम प्रियंका सिंह सहित जिले के सभी अधिकारी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने में लगे हुए थे। कार्यक्रम विधिवत सकुशल संपन्न होने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

## गोण्डा जा रहे युवक की ट्रेन से गिरकर मौत, हुई शिनाख्त

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर में रह कर मज़दूरी करने वाला गोण्डा का युवक सोमवार की रात अपने घर जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ,ट्रेन करना और मसीत रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची,उसी बीच वह उससे नीचे गिर गया और वहीं मौत हो गई। बुधवार को दूसरे दिन उसके बेटे ने शिनाख्त करने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर शव उसके घर वालों के सुपुर्द कर दिया।

मंगलवार की सुबह बघौली स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई कि करना और मसीत रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर युवक का शव पड़ा है,जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। वहां पहुंची पुलिस ने शव के पास से एक पर्चा बरामद किया,जिससे उसकी शिनाख्त हुई। बुधवार को शव की शिनाख्त गोण्डा ज़िले पूरे ललक कोतवाली देहात निवासी राहुल ने अपने पिता शाजू के रूप में की,राहुल ने बताया कि उसकी मां की पहले मौत हो चुकी थी,वह अकेला है,उसका पिता शहर में रह कर मज़दूरी करता था,रविवार को उसने फोन पर बताया था कि वह अगले दिन घर आ रहा है,सोमवार की रात में वह घर जाने के लिए ट्रेन पर सवार हुआ था,उसी बीच हादसे का शिकार हो गया।

## कार पलटने से महिला गंभीर रूप से घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के हाईवे पर हरियाली बाजार के पास तेज रफ्तार कार चालक की आंख लग जाने की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे कार में सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अनिल कुमार निवासी मुंडा धामू लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। जयपुर में काम करता है और परिवार के साथ रहता है। पत्नी आरती को लेकर जयपुर से कार द्वारा अपने घर जा रहा था। बुधवार की सुबह 6:00 बजे अचानक उसकी आंख लग गई और कार नियंत्रित होकर पलट गई जिससे उसकी पत्नी आरती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल सीएचसी शाहाबाद से रेफर किया गया है।

## मंदिर में राधा कृष्ण की मूर्ति हुई स्थापित, कलश यात्रा निकाली

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के मनोकामना माता मंदिर दिलेरगंज में विशाल कलश शोभा यात्रा निकालकर राधा कृष्ण की मूर्ति की विधि विधान से स्थापना की गई। बुधवार को दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में पीले वस्त्र धारण करके महिलाएं नर्मदा स्थल पहुंची। यहां पर पूजन अर्चन के बाद महिलाओं ने कलश में जल एकत्रित किया और ढोल नगाड़े और गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में शामिल होकर स्थापना स्थल तक पहुंचीं।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

कलश यात्रा में महिलाएं भक्ति पूर्ण गीतों पर थिरक रही थी। यह कलश यात्रा नर्मदा स्थल से स्टेट बैंक, बड़ी बाजार, सदर बाजार होते हुए स्थापना स्थल दिलेरगंज मनोकामना माता मंदिर पहुंची। जहां पर पुरोहित द्वारा विधि विधान से राधा कृष्ण की मूर्ति को स्थापित किया गया।

## लोकार्पण समारोह में नहीं पहुंचीं पूर्व भाजपा सांसद

संवाददाता, हरदोई

- **अपने मकान की छत से प्रधानमंत्री का हेलीकाप्टर देखकर पूर्व सांसद ने किया अभिवादन**

**अमृत विचार।** भाजपा की पूर्व सांसद अंजू बाला का आवास लोकार्पण स्थल से कुछ ही दूर पर है, लेकिन वह समारोह में नहीं पहुंचीं। उन्होंने अपनी छत से प्रधानमंत्री मोदी का हेलीकाप्टर देखकर उनका अभिभावदन किया। इसकी रील सोशल मीडिया पर वायरल की। अंजू बाला की यह रील चर्चा का विषय बनी हुई है। पूर्व सांसद सोशल मीडिया पर रील बनाकर काफी सक्रिय रहती हैं। गत दिवस भी उन्होंने रील बनाकर कहा था कि इस एक्सप्रेसवे की शुरुआत उन्होंने की थी। जब वह सांसद थीं तब इसकी मांग प्रधानमंत्री से की थी। हालांकि वह लोकार्पण कार्यक्रम में नहीं थी। अपनी छत से उन्होंने प्रधानमंत्री के हेलीकाप्टर का अभिवादन की खुशी जताई और रील सोशल मीडिया वायरल की। इसकी चर्चा सोशल मीडिया पर जोरों पर है। लोग यह भी कह रहे हैं कि मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में ही भाजपा सांसद रही अंजू बाला को लोकार्पण स्थल तक जगह नहीं मिली।

लापरवाही | भीषण गर्मी के बावजूद नहीं कराया गया दुरुस्त, प्यास से बेहाल रहते हैं लोग

## बिलग्राम में दर्जनों इंडिया मार्का हैंडपंप खराब

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में इन दिनों भीषण गर्मी के दौरान पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। नगर में बड़ी संख्या में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप खराब पड़े हैं, जिससे आमजन को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के बीच पानी की किल्लत ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है।

सबसे चिंताजनक स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की है, जहां लगा हैंडपंप लंबे समय से खराब है। यहां आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। नगर पालिका द्वारा लगवाई गई पानी की टंकियां भी महज शोपीस बनकर रह गई हैं, जिनमें पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। मंशानाथ मंदिर के सामने स्थित हैंडपंप भी करीब एक महीने से खराब पड़ा है। स्थानीय निवासी सियाराम ने बताया कि इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों को पानी के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ती है। वहीं कन्नौज बाईपास पर लगा हैंडपंप भी खराब होकर बेकार साबित हो रहा है। पूरे नगर में दर्जनों हैंडपंप खराब पड़े होने से हालात बदतर होते जा रहे हैं। एक तरफ तेज धूप और लू लोगों को बेहाल कर रही है, तो दूसरी तरफ पानी की कमी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।



सीएचसी में रखी खाली टंकी।



खराब हैंडपंप से गायब हत्था।

## राजघाट पर युवती डूबी तलाश में जुटी टीम

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र के छिबरामऊ स्थित राजघाट पर युवती गंगा नदी में डूब गई। ग्राम बेहटा बुजुर्ग निवासी साधना (19) पुत्री राधे लाल मुंडन संस्कार में शामिल होने के लिए परिजनों व ग्रामीणों के साथ राजघाट गई थी। कार्यक्रम के दौरान जब सभी लोग गंगा में स्नान कर रहे थे, तभी अचानक साधना का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई। गोताखोर लगातार गंगा में सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक किशोरी का कोई पता नहीं चल सका है।

## बादलों की आवाजाही ने गर्मी से दिलाई कुछ राहत

**हरदोई, अमृत विचार।** पिछले कई दिनों से गर्मी का सितम लगातार जारी था। बुधवार को अचानक बदले मौसम से लोगों को राहत मिली। दोपहर से ही बादल छाने लगे। अधिकांश समय बादल रहने से तापमान गिर कर 35.6 डिग्री सेल्शियस रह गया। तापमान गिरने के साथ ही आठ किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवा ने गर्मी से भी कुछ राहत दिलाई। कई दिनों से बेहाल लोगों ने बुधवार को राहत की सांस ली। मौसम वेधशाला के अनुसार बूंदाबांदी भी हो सकती है। मौसम का यह बदलाव अभी दो-तीन दिन तक रहेगा। मौसम के इस बदलाव से कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे लोगों ने कुछ सुकून पाया।



बुधवार को आसमान में छाए रहे बादल।

**एक नजर तापमान पर**

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 29 अप्रैल | 35.6 | 25.5 |
| 28- अप्रैल | 40.0 | 25.0 |
| 27 अप्रैल | 41.0 | 23.0 |

(डिग्री सेल्शियस में)

## पैर कटने से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**हरदोई, अमृत विचार।** खदरा रेलवे क्रासिंग पर दर्दनाक हादसा हुआ,अचानक ट्रेन की चपेट में आए एक युवक के दोनों पैर कट गए,जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव को कब्ज़े में लेते हुए उसकी शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है। बुधवार को कोतवाली देहात के खदरा रेलवे क्रासिंग से थोड़ा आगे 30 से 35 वर्षीय युवक अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसके दोनों पैर कटने से वहीं पर मौत हो गई। इसका पता होने पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस ने शव को कब्ज़े में ले कर शिनाख्त करने के लिए इधर-उधर पूछताछ की,लेकिन तमाम कोशिशों. के बाद भी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

न्यूज ब्रीफ

### ससुराल आए ग्रामीण का खेत में मिला शव

**सीतापुर, अमृत विचार :** दो दिन पहले स्वस्थ ग्रामीण की ससुराल में संदिग्ध मौत हो गई, रेउसा थानाक्षेत्र के सुपौली गांव में मिले शव को लेकर परिवार ने संदेह जताया है। वहीं, पत्नी का दावा है कि उसके पति बहुत शराब पीते थे। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। तंबौर थानाक्षेत्र के बरेती गांव वासी राजकुमार चौहान (45) पुत्र रामचरण दो दिन पूर्व अपनी ससुराल रेउसा थानाक्षेत्र के गौराहार मजरा सुपौली गांव गया था। बताते हैं कि देर शाम को गांव में ही आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह राजकुमार चौहान का शव गांव के बाहर खेत में मिला। सूचना पाकर राजकुमार चौहान के परिवारीजन मौके पर पहुंच गए, संदेह के बीच पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले में छानबीन शुरू की है।

### किसानों को सिखाए प्राकृतिक खेती के गुर

**बिसवां, सीतापुर :** किसानों की आय बढ़ाने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से एक विशेष कृषि प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों के प्रति आगाह करते हुए प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया। विकास खण्ड के ग्राम मरसण्डा में आयोजित कार्यक्रम में मृदा वैज्ञानिक डॉ. सचिन प्रताप तोमर ने कहा कि खेती की लागत कम करने के लिए स्थानीय संसाधनों का उपयोग अनिवार्य है। प्रसार वैज्ञानिक शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि बीजामृत बीज शोधन के लिए तो जीवामृत मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए रामबाण है।

# सड़क हादसे में साले-बहनोई की मौत, बहन की हालत गंभीर

## बिसवां कोतवाली क्षेत्र के भोलागंज-बिसवां मार्ग पर हुई दुर्घटना

रफ्तार की मार

संवाददाता बिसवां/सांडा

**अमृत विचार:** बिसवां इलाके के भोलागंज-बिसवां मार्ग पर सड़क हादसे में साले और बहनोई की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक की बहन गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद दो परिवारों में मातमी माहौल है।


जुनैद की फाइल फोटो

बिसवां कोतवाली क्षेत्र का सांडा निवासी जुनैद (33) अपनी बहन स्वालिहा और बहनोई अनीस (55) को लेकर अपनी बाइक से मोचकला छोड़ने जा रहा था। बताते हैं कि दोपहिया वाहन भोलागंज-बिसवां मार्ग पर पुरैनी गांव के नजदीक पहुंचा। इसी दौरान तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में जुनैद, अनीस और स्वालिहा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सीएचसी बिसवां ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत में सुधार न होने पर दोनों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने जुनैद और अनीस को मृत घोषित कर दिया। स्वालिहा की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़:** जुनैद बिल्डर था और परिवार के मुखिया के रूप में घर की सारी जिम्मेदारी थी। जुनैद की तीन छोटी बेटियां है, कोई दूसरा जिम्मेदार नहीं है।


हादसे के बाद घर के बाहर जुटे रिश्तेदार और ग्रामीण। अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से छात्रा की मौत, बहन गंभीर

**मिश्रिख/ सीतापुर, अमृत विचार :** मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के जोतपुर गांव के पास सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने स्कूल जा रही दो बहनों को रौंद दिया। हादसे में एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन गंभीर रूप से घायल है। ग्राम बेनीपुर निवासी जगदीश के अनुसार, उनकी दो बेटियां रीता (19) और शुभी (14) सुबह अपने स्कूल जा रही थीं। सैदापुर और जोतपुर के बीच सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बहनें सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गईं। एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने शुभी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रीता की हालत गंभीर है। कोतवाल प्रदीप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है।


शुभी की फाइल फोटो

**ट्रैक्टर-ट्रॉली ने शिक्षिका को रौंदा, हालत गंभीर: सीतापुर:** शहर सीमा के नजदीक महमूदपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास स्कूल जा रहीं एक शिक्षिका तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में स्कूटी भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्राथमिक विद्यालय मदनापुर की इंचार्ज शिक्षिका सुषमा भार्गव अपनी स्कूटी से रोज की तरह स्कूल जा रही थीं। जैसे ही वो शहर सीमा पार कर कोतवाली देहात क्षेत्र में महमूदपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पहुंचीं, अनियंत्रित और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की चपेट में आकर स्कूटी दूर तक घिसटती चली गई।

राहगीरों की मदद से शिक्षिका को नजदीक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। शिक्षिका की हालत गंभीर बताई जा रही है। कोतवाली देहात पुलिस ने ओवरलोड वाहन को कब्जे में ले लिया है।

# जिलाधिकारी ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य सुनिश्चित किया जाए और शैक्षणिक लक्ष्यों को समय पर प्राप्त किया जाए।


बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते डीएम डॉ. राजागणपति आर। अमृत विचार

बैठक के दौरान विकास खंड खैराबाद के कम्पोजिट विद्यालय जमैय्यतपुर के स्टाफ को शैक्षणिक लक्ष्यों की प्राप्ति और सराहनीय अकादमिक गतिविधियों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने 'स्कूल चलो अभियान' को व्यापक स्तर पर चलाने और विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी और बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ हर सप्ताह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने शिक्षण कार्यों में एसओपी का पालन सुनिश्चित करने को भी कहा।

## आग से 40 बीघा फसल और पेड़ जलकर राख

**औरंगाबाद, सीतापुर:** क्षेत्र के ग्राम ततरोई में खेतों में लगी भीषण आग ने जमकर तांडव मचाया। इस अग्निकांड में लगभग 40 बीघा खेत प्रभावित हुए हैं, जिसमें बड़ी संख्या में खड़े यूकेलिप्टस लिपटिस के पेड़ जलकर पूरी तरह राख हो गए। किसान राकेश पुत्र डोरे के खेत में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। वहीं, गांव के ही भैनू पुत्र अनंत की छह बीघा में लगी लिपटिस की बाग भी आग की चपेट में आने से स्वाहा हो गई। एक अन्य किसान मुराली पुत्र डोरे के खेत को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों के अनुसार, खेत में एक तरफ से कतार में लगे पेड़ पूरी तरह जल गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि आग लगने की शुरुआत पास ही स्थित कुमुदलता के फार्म से हुई। बताया जा रहा है कि फार्म पर काम कर रहे लेबरों की लापरवाही के चलते आग फैली और पास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। अगलगी की घटना में काफी नुकसान हुआ है। अब किसानों ने जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संत व अन्य। अमृत विचार

**महमूदाबाद / सीतापुर :** ऐतिहासिक मां संकटा देवी धाम से गौ भक्तों ने संत श्री 1008 त्यागी दास महाराज व संत श्री 1008 सत्यानंद महाराज के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला। नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ यह जुलूस तहसील पहुंचा, जहां गौ भक्तों ने उपजिलाधिकारी डॉ. अंजली सिंह को राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। गौ भक्तों ने गौ माता को संवैधानिक रूप से 'राष्ट्रमाता' व 'राज्यमाता' घोषित करने और गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की पुरजोर मांग की। संतों ने स्पष्ट किया कि जब तक गौ माता को उनका उचित सम्मान नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर रमेश वाजपेयी विरल, केशव राम शुक्ल, नरपत सिंह आदि मौजूद रहे।

### फरियादियों से करें मधुर व्यवहार : डीएम


अधीनस्थों को अच्छे व्यवहार की नसीहत देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा में दो टूक शब्दों में कहा फरियादियों से अच्छा व्यवहार रखा जाए ताकि जन समस्याओं का निस्तारण समय पर किया जा सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत 'डिफाल्टर' श्रेणी में नहीं आनी चाहिए। साथ ही कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समय पर अपने कार्यालयों में बैठकर जनता की समस्याएं सुनें। बैठक में सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी, एडीएम न्यायिक खालिद अंजुम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कागजों में गोदभराई, पुष्टाहार मिला नदारद


आंगनबाड़ी केंद्र पर जानकारी लेते डीएम। अमृत विचार


विद्यालय में छात्रा से संवाद करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

- प्रधानाध्यापिका को दी प्रतिकूल प्रविष्टि, आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस

**अमृत विचार:** डीएम की सख्ती के बावजूद भी मातहत बाज नहीं आ रहे। हरगांव क्षेत्र में डीएम ने जब प्रावि परसेहरामाल का निरीक्षण किया तो कागजी कलई खुलती नजर आई। लापरवाही के मामले में प्रधानाचार्य को प्रतिकूल प्रविष्टि व आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नोटिस थमाई गई है। डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने हरगांव विकास क्षेत्र के प्रावि परसेहरामाल व वहां संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर वीएचएसएनडी सत्र के निरीक्षण के दौरान पाया कि केंद्र पर पुष्टाहार उपलब्ध नहीं था और न ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की कोई तैयारी थी। रजिस्टर भी अपडेट नहीं थे। लापरवाही पर अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री रुकसाना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने बच्चों के साप्ताहिक आकलन ट्रैकर और शिक्षक डायरी का भी अवलोकन किया।

**भोजन व्यवस्था पर भड़के डीएम:** डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में मध्याह्न भोजन के समय बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई। लापरवाही के लिए प्रधानाध्यापिका अंजली देवी शुक्ला को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए गए।

# डिजिटल होगी जनगणना 2027 घर बैठे खुद भर सकेंगे जानकारी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के संचालन के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी जनगणना भारत की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें मोबाइल ऐप और केंद्रीय पोर्टल सीएमएमएस के जरिए आंकड़ों का संकलन किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि जनगणना के लिए परिवार के किसी भी सदस्य को 'स्व-गणना' (Self-Enumeration) की सुविधा मिलेगी। इसके लिए 7 मई से 21 मई 2026 तक सुरक्षित वेब पोर्टल se.cencus.gov.in पर ऑनलाइन जानकारी खुद भरी जा सकेगी। बैठक में एडीएम नीतीश कुमार सिंह, सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**दो चरणों में होगी जनगणना**

**प्रथम चरण :** मकान सूचीकरण 22 मई से 20 जून 2026 तक।

**द्वितीय चरण :** जनसंख्या गणना 09 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक।

**पुनरीक्षण राउंड :** 1 मार्च से 5 मार्च 2027 तक।

### अवैध खनन में जेसीबी व दो ट्रैक्टर सीज


जब्त जेसीबी और बालू लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** अवैध खनन के खिलाफ लहरपुर प्रशासन ने देर रात बड़ी कार्रवाई की। तंबौर मार्ग स्थित ग्राम चांदी के पास छापेमारी कर टीम ने एक जेसीबी और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को कब्जे में लिया। खनन अधिकारी शालिनी सिंह के मुताबिक ग्राम चांदी के पास अवैध खनन की सूचना मिली थी। इस पर उन्होंने राजस्व व पुलिस टीम के साथ छापेमारी की। मौके से मिट्टी के अवैध खनन में लगी एक जेसीबी मशीन और दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़ा। मौके पर मौजूद लोग खनन से संबंधित कोई भी वैध प्रपत्र या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। तीनों वाहनों को जब्त कर लिया और कोतवाली लाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिला खनन अधिकारी शालिनी सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।


मेधावी छात्रों के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

### फैज-ए-आम स्कूल में मेधावी छात्र सम्मानित

**तम्बौर, सीतापुर :** स्थानीय फैज-ए-आम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम में कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेधावियों का उत्साह देखते ही बनता था। समारोह के मुख्य अतिथि पीटीआई साबिर अली और समाजसेवी नफीस अंसारी ने मेधावी छात्रों को उपहार, मिठाई और फूल-मालाएं भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि साबिर अली ने कहा कि ये होनहार विद्यार्थी न केवल अपने विद्यालय और परिवार का, बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन करेंगे। उन्होंने छात्रों की सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत के साथ-साथ उनके शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को भी दिया। कार्यक्रम का संचालन मास्टर दिलशाद खान ने किया। इस अवसर पर तुफैल अहमद, चांद बाबू, फैजान खान, जगमोहन यादव, मो. जीशान, हाफिज अदनान सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## खेत में घास काट रही महिला से छेड़छाड़

**लहरपुर, सीतापुर:** गांव में गन्ने के खेत में घास काट रही एक विवाहिता के साथ युवक द्वारा छेड़छाड़ और दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता के मुताबिक, दोपहर वह अपने खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान गांव सोंसरी निवासी रोमिल वहां पहुंचा और अचानक पीछे से आकर पीड़िता के चेहरे पर अंगौछा डाल दिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोग जमा हो गए। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई।

## मामूली विवाद में युवक को मारी गोली, गंभीर

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदवासोत घोसियाना में मामूली विवाद के दौरान दबंगों ने एक युवक को गोली मार दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम निवासी नुसरत पुत्र गफूर के मुताबिक, वो अपने परिवार के साथ घर पर था। तभी गांव के मोबीन, मोनू, सलामत और मतुवा निवासी मोबीन पुत्र रहूफ उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली नुसरत के भाई अब्बास के पेट के निचले हिस्से में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और वहीं जमीन पर गिर पड़ा कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। उधर, अस्पताल में भर्ती अब्बास की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## 14-15 वर्ष की किशोरियों को लगेगा एचपीवी का टीका

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जनपद में महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षित रखने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जनपदवासियों के नाम एक पत्र जारी कर 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान में सहयोग की अपील की है। जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं में होने वाला यह दूसरा सबसे आम कैंसर है, जिसे समय पर टीकाकरण के जरिए पूरी तरह रोका जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और विश्व के 100 से अधिक देशों में इसका सफल प्रयोग किया जा रहा है। बाजार में इसकी कीमत अधिक होने के कारण, सरकार द्वारा देश की बेटियों को यह सुरक्षा चक्र पूर्णतः निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और जिला महिला चिकित्सालय में इसके लिए विशेष सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। टीकाकरण के समय किशोरी का जन्म प्रमाण-पत्र या आयु प्रमाणित करने वाला कोई भी सरकारी दस्तावेज साथ ले जाना अनिवार्य होगा।

### बिना डॉक्टर चल रहे दो अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद


बंद किया गया शरल डाइग्नोस्टिक एंड एवन अल्ट्रासाउंड सेंटर। अमृत विचार

**महमूदाबाद/सीतापुर :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिसवां रोड पर संचालित दो डायग्नोस्टिक सेंटरों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बंद करा दिया। सीएमओ की टीम द्वारा किए गए इस औचक निरीक्षण में भारी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। निरीक्षण के दौरान बिसवां रोड स्थित एवन डायग्नोस्टिक और शरल डायग्नोस्टिक एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड मशीनें चलती हुई पाई गईं, लेकिन मौके पर कोई भी अधिकृत रेडियोलॉजिस्ट या डॉक्टर मौजूद नहीं था। नियमों के विपरीत टेक्नीशियन द्वारा अल्ट्रासाउंड किया जा रहा था। जब टीम ने संचालकों से पंजीकरण और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे, तो वे कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सके। सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार ने दो टूक कहा कि बिना डॉक्टर के अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाना कानूनन अपराध है।

## बजहा गांव में नदी में नहाने गए दो किशोर डूबे, मौत

**सीतापुर, अमृत विचार:** रेउसा थाना क्षेत्र के अवस्थी पुरवा मजरा बजहा गांव में दोपहर नदी में नहाने गए दो किशोरों की डूबकर मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम पसर गया है। गांव के कुछ बच्चे दोपहर करीब 4 बजे पास की नदी में नहाने गए थे। नहाते समय अचानक 16 वर्षीय राज पुत्र सुंदरलाल और 12 वर्षीय ओमप्रकाश पुत्र अजय गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ मौजूद अन्य बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला। परिजनों ने आनन-फानन में दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मासूमों की असमय मौत से परिवारों में कोहराम मच गया है। घटना के बाद परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शवों को अपने घर ले गए। एक साथ दो किशोरों की मौत से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।


जीत के बाद मौजूद बार एसो. के पदाधिकारी। अमृत विचार

### देवेंद्र अध्यक्ष व रवि महामंत्री चुने गए

**लहरपुर, सीतापुर :** बार एसो. का वार्षिक चुनाव अधिकारी दिनेश श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होते ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवक्ताओं ने स्वागत किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि एसो. में कुल 96 अधिवक्ता पंजीकृत थे जिनमें 92 ने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के त्रिकोणीय मुकाबले में देवेंद्र पांडेय ने 40 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। प्रतिद्वंद्वी श्रवण जायसवाल को 35 और रामधन गुप्ता को 16 मत मिले, जबकि एक मत अवैध घोषित किया गया। वहीं, महामंत्री पद पर रवि प्रकाश वर्मा ने एकतरफा जीत दर्ज की। उन्हें कुल 57 मत प्राप्त हुए, जबकि प्रतिद्वंद्वी सरोज अवस्थी को 33 मतों पर संतोष करना पड़ा। रवि प्रकाश ने 24 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। महामंत्री पद के दो मत अवैध पाए गए।

### दो घरों से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

**सिधौली/सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रायगंज मजरा किरतापुर में रात बेखौफ चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों के जेवरात और नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पहली घटना रामानंद के घर हुई, जहां चोर छत के रास्ते दाखिल हुए। चोरों ने कमरे से नकदी और गहनों से भरा बक्सा पार कर दिया। आहट होने पर जब ग्रामीणों ने तलाश की, तो गांव के पश्चिम में खाली बक्सा बरामद हुआ। पीड़ित के अनुसार, बक्से में सोने की बेसर, चांदी की पायल और साढ़े आठ हजार रुपये थे। वहीं, इसी गांव के श्रीनिवास के घर चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर बाउंड्रीवाल फांदकर अंदर घुसे और कमरे व अलमारी के ताले तोड़कर उनकी पत्नी व दो बहुओं के भारी मात्रा में जेवर समेट ले गए।


पीएचसी शिलान्यास के दौरान छात्राएं कशिश, शिखा और साथ में डीएम। अमृत विचार

### मेधावियों ने किया पीएचसी का शिलान्यास

**सीतापुर, अमृत विचार :** जनपद के मेधावियों को प्रोत्साहित करने की एक अनूठी पहल के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरई जलालपुर के निर्माण कार्य का शिलान्यास बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राओं द्वारा कराया गया। क्रिटिकल गैप्स योजना के अंतर्गत 74.88 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इस पीएचसी का शिलान्यास हाईस्कूल की टॉपर कशिश वर्मा और इंटरमीडिएट की टॉपर शिखा वर्मा के संयुक्त कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर., अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने दोनों छात्राओं से उनके परिवार और पढ़ाई के विषय में आत्मीय चर्चा की। उन्होंने छात्राओं की सफलता की प्रशंसा करते हुए कहा कि मेधावी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं।

### नहर में डूबे युवक का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

**लहरपुर/सीतापुर :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ददुवापुर के निकट शारदा सहायक नहर में डूबे युवक की तलाश बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस और गोताखोरों की कड़ी मशक्कत के बाद भी समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई पता नहीं चल सका है। बता दें कि शेख सराय सीतापुर निवासी अरकानूर्रहमान (24) की मोटरसाइकिल ददुवापुर नहर के किनारे लावारिस हालत में मिली थी। लापता युवक के भाई अताउर्रहमान ने बताया कि अरकानूर्रहमान ने नगर के पटकी टोला निवासी सीमा बानो से कोर्ट मैरिज की थी। आरोप है कि सीमा और उसके परिजन युवक से पैसे लेकर उसे तीन दिनों से धमकियां दे रहे थे। सीमा ने फोन कर अरकानूर्रहमान को बुलाया था, जिसके बाद दोपहर में उसने युवक की मां को फोन कर उसके नहर में कूदने की सूचना दी। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों की मदद से घटनास्थल से लेकर रेगुलेटर तक सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है।

# गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण, विकास के नए युग की शुरुआत

**गूंजा विकास का जयघोष: गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर उमड़ी हजारों की भीड़, प्रधानमंत्री का संबोधन प्रसारित होते ही वातावरण में दिखा उत्साह**

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** देश की आधारभूत संरचना को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाली परियोजनाओं में गंगा एक्सप्रेसवे शामिल हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसका लोकार्पण किए जाने के साथ ही रायबरेली समेत पूरे क्षेत्र में विकास की एक नई धारा प्रवाहित हो गई। ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के गोकुलपुर रोझइया टोल प्लाजा के समीप आयोजित भव्य कार्यक्रम में इस ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण किया गया, जहां हजारों की संख्या में लोगों की उपस्थिति ने इसे जनउत्सव में बदल दिया। सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों, युवाओं, किसानों और व्यापारियों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। विशाल एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री का संबोधन प्रसारित होते ही वातावरण उत्साह, उम्मीद और गर्व की भावना से भर उठा।

लोकार्पण की घोषणा के साथ ही तालियों की गड़गड़ाहट और जयघोष ने पूरे क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री राकेश सचान, ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय, कैबिनेट मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, सलोन विधायक अशोक कोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासनिक स्तर पर जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, सीडीओ अंजूलता, एसडीएम ऊंचाहार विवेक राजपूत, एसडीएम महराजगंज राजेश कुमार, एसपी रवि कुमार तथा सीओ गिरिजा शंकर त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने इसे प्रदेश के विकास का "नया इंजन" बताते हुए कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे आने वाले वर्षों में औद्योगिक निवेश, व्यापारिक गतिविधियों और रोजगार सृजन का प्रमुख केंद्र बनेगा। करीब 594 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक प्रदेश के कई महत्वपूर्ण जनपदों को जोड़ता है। रायबरेली जिले में इसका लगभग 78 किलोमीटर का दायरा जिले के लिए विशेष महत्व रखता है।

**ऊंचाहार क्षेत्र में औद्योगिक विकास की आधारशिला:** एक्सप्रेसवे के साथ ही ऊंचाहार विधानसभा क्षेत्र के इटौरा बुजुर्ग में औद्योगिक विकास की संभावनाएं भी तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग सौ हेक्टेयर भूमि औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की योजना है, जिसमें से 65 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। यहां औद्योगिक टाउनशिप और रोडवेज बस स्टॉप प्रस्तावित हैं, जिससे आसपास के गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**जनभावनाओं में दिखी उम्मीदों की लहर:** कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने गंगा एक्सप्रेसवे को "विकास का महामार्ग" बताते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की दशा और दिशा दोनों बदलने का सामर्थ्य रखती है। स्थानीय नागरिकों ने इसे भविष्य की समृद्धि और अवसरों की नई शुरुआत करार दिया। कुल मिलाकर, गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण रायबरेली के लिए महज एक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना नहीं, बल्कि आर्थिक उन्नति, बेहतर कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय संतुलित विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम के रूप में उभरकर सामने आया है।


आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करतीं युवतियां। अमृत विचार


टोल प्लाजा के समीप गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण अवसर पर मौजूद अतिथि।

### यात्रा में क्रांतिकारी बदलाव

एक्सप्रेसवे के संचालन से जहां मेरठ से प्रयागराज की दूरी अब 12–13 घंटे के बजाय करीब 6 घंटे में तय हो सकेगी, वहीं रायबरेली से प्रयागराज की दूरी लगभग डेढ़ घंटे और मेरठ की दूरी करीब 4 घंटे में पूरी होने की संभावना है। इससे आवागमन न सिर्फ तेज होगा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

### किसानों, व्यापारियों और युवाओं को मिलेगा लाभ

बेहतर कनेक्टिविटी से किसानों को अपनी उपज बड़े बाजारों तक तेजी से पहुंचाने में सहूलियत होगी, जबकि व्यापारियों को माल ढुलाई में समय और लागत दोनों में कमी आएगी। युवाओं के लिए नए उद्योग और सेवा क्षेत्र में रोजगार के द्वार भी खुलेंगे।

### लोकार्पण का भाजपाइयों ने देखा लाइव प्रसारण


लोकार्पण का लाइव प्रसारण देखते भाजपा कार्यकर्ता।

**लालगंज।** क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकास खंड मुख्यालय पर गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा। इस दौरान प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, डॉ. अविनाश कुमार सिंह, महामंत्री सत्येंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के भाषण की सराहना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह के योगदान की भी प्रशंसा की गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश के सबसे लंबे गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण किया। करीब 36,200 करोड़ रुपये की लागत से बना 594 किमी लंबा यह छह लेन एक्सप्रेसवे मेरठ से प्रयागराज तक 12 जिलों को जोड़ेगा। इसके शुरू होने से यात्रा समय में काफी कमी आएगी। शाहजहांपुर में बनाई गई एयरस्ट्रिप पर वायुसेना के विमान भी उतर सकेंगे। नेताओं ने इसे प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कार-बाइक की टक्कर, 4 लोग घायल

**अमावां, अमृत विचार :** जौनपुर के मीरगंज थाना क्षेत्र निवासी गौरव सिंह अपने साथियों के साथ कार से रायबरेली एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। करीब 11 बजे रेयान रायबरेली-सुल्तानपुर हाईवे पर स्कूल के पास स्कूटी सवार को बचाने के दौरान कार अनियंत्रित हो गई और सामने से आ रही बाइक से भिड़ गई। बाइक पर सवार सुरेंद्र और उनकी मौसी तारावती गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार सवार गौरव सिंह और सम्राट को हल्की चोटें आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। इस संबंध में डिघिया चौकी इंचार्ज कृष्ण चंद्र ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी।

### साइबर ठगी गिरोह का वांछित गिरफ्तार

**रायबरेली, अमृत विचार :** शहर कोतवाली पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार 18 अप्रैल 2026 को दर्ज मुकदमे में आरोपी अंकित तिवारी पुत्र शिवकुमार तिवारी निवासी गोरिया पिपरा थाना बौंडी, जनपद बहराइच को मुखबिर की सूचना पर गोराबाजार स्थित पावर हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आरोपी के खिलाफ पहले से साइबर ठगी, डिजिटल अरेस्ट और आरटीजीएस के माध्यम से रकम हड़पने का मामला दर्ज था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर संगठित साइबर ठगी गिरोह चलाता था। गिरोह ऐसे लोगों को निशाना बनाता था जिनके खातों में अधिक धनराशि होने की संभावना रहती थी।

### ट्रक से टकराई कार दो भाई घायल

**बछरावां, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में बछरावां-महराजगंज मार्ग पर जलालपुर गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि कार चालक को नींद आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। हादसे में कार सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों जौनपुर निवासी राजेंद्र बहादुर (56) और मिन्नी (45) किसी काम से लखनऊ जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार जलालपुर के पास पहुंची, चालक को झपकी आ गई और यह हादसा हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### घंटा चोरी करते समय दो युवकों को दबोचा

**लालगंज, अमृत विचार :** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के पूरे दीवान सिंह मजरे दतौली गांव के बाहर स्थित भगवान शंकर मंदिर में चोरी की घटना का मामला सामने आया है। बुधवार को मंदिर से घंटा चोरी करते दो युवकों को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। ग्रामीणों ने तुरंत दोनों को रोककर पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवकों की पहचान अंशु पुत्र हरिलाल शर्मा और सचिन पुत्र सीताराम पथरकटा, निवासी पूरे गुर्दी मजरे कोरिहरा के रूप में हुई है। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर इंस्पेक्टर निखिल यादव ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस ने उनके पास से चोरी किए गए घंटों को भी बरामद कर लिया है।

## टैंकर ने साइकिल सवार अधेड़ को कुचला, मौत

• रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर हुआ हादसा, चालक की तलाश जारी

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर बुधवार की सुबह एक तेज रफ्तार टैंकर ने साइकिल सवार एक अधेड़ को कुचल दिया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर हालत में अधेड़ को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। पुलिस घटना में शामिल टैंकर व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

मिल एरिया थाना क्षेत्र के खरथोलवा मजरे मैनूपुर गांव निवासी बंसीलाल (50) पुत्र मुनेश्वर बुधवार की सुबह साइकिल से कहीं जा रहा था। रास्ते में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर पहुंचते ही तकिया चौराहे के पास एक तेज रफ्तार टैंकर ने बंसीलाल को कुचल दिया। घटना में बंसीलाल के मौके पर ही दोनों पैर कट गए और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बंसीलाल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल टैंकर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया और दुर्घटना में शामिल टैंकर व चालक की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है। घटना में शामिल टैंकर व चालक की तलाश की जा रही है।

## सुलह के बहाने युवक पर बरसाईं गोलियां

• फायरिंग करने वाले कांस्टेबल समेत तीन लोगों पर मुकदमा

सलोन (रायबरेली)

**अमृत विचार।** पुराने मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने को लेकर यूपी पुलिस के एक कांस्टेबल समेत तीन लोग एक युवक पर अंधाधुंध फायर झोंक कर फरार हो गए। गनीमत रही कि गोली युवक को नहीं लगी। गोलीबारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से कारतूस के तीन खाली खोखे व स्कार्पियो को बरामद कर लिया है। पुलिस के मुताबिक दो वर्ष पूर्व दर्ज मुकदमे में सुलह का दबाव बनाने के लिए घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

कोतवाली अंतर्गत करहिया चौकी क्षेत्र के नुरूद्दीनपुर निवासी राज शर्मा पुत्र सरोज शर्मा के ऊपर 25 अक्टूबर 2022 को तमंचे से फायर झोंककर जानलेवा हमला किया गया था। जिसमें पीड़ित युवक की तरफ से तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था।


घटनास्थल पर खड़ी कार।

मंगलवार की रात करीब साढ़े दस बजे टोल प्लाजा के समीप स्थित एक ढाबे पर अचानक स्कार्पियो सवार लोगों ने युवक राज शर्मा के ऊपर जानलेवा हमले की नीयत से कई राउंड फायर झोककर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पर कई थानों की फोर्स के साथ सलोन पुलिस भी पहुंच गई। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि शुभम भट्ट नामक व्यक्ति द्वारा उसे 2022 में दर्ज मुकदमे में सुलह समझौते के लिए कान्हा ढाबे पर बुलाया था। इसी दौरान शक्ति सिंह जो उत्तर प्रदेश में पुलिस कर्मी है उसने पहली गोली चलाई। जिसके बाद राहुल शुभम और शक्ति तीनों ने 6 राउंड फायर कर उस पर जानलेवा हमला किया गया।

वहीं बालेंदु गौतम, कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमे के सम्बन्ध में तीनों युवक आये थे। खाने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद हवाई फायरिंग कर फरार तीनों फरार हो गए। घटना स्थल से कारतूस के तीन खोखे बरामद किए गए हैं। साथ ही एक स्कार्पियो भी बरामद की गई है। आरोपी युवकों में एक पुलिस कांस्टेबल भी है। नकाब पोश तीन बदमाशों ने राजशर्मा पुत्र सरोज शर्मा के ऊपर तमंचे से फायर झोंककर जानलेवा हमला किया था। जिसमें पीड़ित युवक ने मनीष सिंह समेत तीन अभियुक्तों के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया था।

### राजकीय संप्रेक्षण गृह में टीबी स्क्रीनिंग, 64 लोगों की जांच में 3 संदिग्ध मिले

**रायबरेली, अमृत विचार।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत चल रहे 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत बुधवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह में टीबी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान एआई आधारित हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से कुल 64 व्यक्तियों की जांच की गई, जिनमें 50 किशोर, स्टाफ और अन्य लोग शामिल रहे। जांच के दौरान एआई रिपोर्ट में 3 व्यक्तियों के एक्स-रे में असामान्यता पाई गई, जिसके बाद टीबी की आशंका को देखते हुए उनके स्पुटम सैंपल आगे की जांच के लिए भेजे गए हैं। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च जोखिम वाले वर्ग की सक्रिय पहचान और समय पर जांच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, डायबिटीज व एचआईवी मरीज, टीबी मरीजों के संपर्क में रहने वाले, पूर्व मरीज, कुपोषित एवं एल्कोहॉल सेवन करने वाले व्यक्ति विशेष जोखिम में हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि टीबी के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में पसीना, वजन घटना, गले में गांठ या बलगम में खून आने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जनपद में तीन हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों से लगातार स्क्रीनिंग की जा रही है। अब तक 8763 उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की जांच में 28 टीबी मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


टीबी स्क्रीनिंग शिविर में मौजूद चिकित्सक।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, छह लोग घायल

**अमावां, अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के ताजपुर गांव निवासी पप्पू गुप्ता ने सिधौना गांव के पास निर्माणाधीन मकान में स्लैब डालने के लिए पूरे मोटा गांव निवासी रूपचंद को शटरिंग का काम करने के लिए ठेका दिया था। लेकिन कई महीनो तक शटरिंग ना लगने पर पप्पू ने रूपचंद को जल्दी शटरिंग लगाने के लिए कहा और काम नहीं करने पर पैसे वापस करने की बात कही। मंगलवार की रात 8 बजे पप्पू की दुकान पर रूपचंद अपने साथियों के साथ पहुंच गया और दोनों के बीच काम कराए जाने को लेकर कहासुनी शुरू हो गई। बात बढ़ी तो दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान मोहित अर्शदीप और सोनू के अलावा दूसरे पक्ष से रोहित, रूपचंद और सोनू समेत 6 लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों से सूचना पुलिस को दी गई है। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में है। घायलों का मेडिकल कराया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### जनगणना कर्मियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**महराजगंज।** जनगणना में लगाए गए कर्मचारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण में सम्पन्न हुआ। प्रथम चरण में महराजगंज के ब्लाक सभागार व एसजेएस स्कूल में बने दो केंद्रों पर सुपरवाइजर व प्रगणकों को मिलाकर कुल दो सौ कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया। मकान सूचीकरण व गणना कार्य 22 मई से शुरू होगा। जनगणना के कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी तहसील मंजुला मिश्रा ने दी। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि जनगणना में लगे कर्मचारियों के प्रथम बैच को सेवा भाव शपथ दिलाकर प्रशिक्षण सम्पन्न कराया गया है। द्वितीय बैच के कार्मिकों को 30 अप्रैल से प्रशिक्षित किया जाएगा।

### खीरों में भीषण आग से जली पराली

**खीरों।** थाना क्षेत्र के देवगांव में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई। तेज हवा और गर्मी के कारण आग तेजी से फैल गई और आधे घंटे के भीतर लगभग 500 मीटर क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने निजी नलकूपों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक लगभग 50 बीघा खेतों में कटाई के बाद पड़ी पराली जलकर राख हो चुकी थी। आग केतनापुर से होते हुए देवगांव और फिर गड़रियनखेड़ा गांव के पास तक पहुंच गई। इस घटना में देवगांव के रामभवन, ओम प्रकाश, विश्वास सिंह सहित तीन दर्जन से अधिक किसानों को लगभग डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लेखपाल आलोक सिंह ने बताया कि जांच की जाएगी।

## आंधी-बारिश और ओलावृष्टि ने मचाई तबाही, नुकसान

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में बुधवार को अपराहन आई धूलभरी तेज आंधी के साथ शुरू हुई बारिश एवं ओलावृष्टि ने जमकर तबाही मचाई। क्षेत्र में जहां सैकड़ों पेड़ धराशाई हो गए, वहीं सैकड़ों की संख्या में छप्पर टिनसेड़ उड़कर क्षतिग्रस्त हो गए। गेहूं की हार्वेस्टिंग के बाद खेतों में लगा भूसा आंधी में उड़ने के साथ ही बारिश और ओलावृष्टि से भीग कर बर्बाद हो गया।

मौसम में आए बदलाव व आंधी से क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर न्यू पब्लिक के पास पेड़ गिरने से आवागमन अवरुद्ध हो गया। बैंती में मस्जिद के पास स्थित बेसहारा अनाथ सोनम उम्र 18 वर्ष पुत्री स्वर्गीय परीदीन का घर धराशाई हो गया जिससे सोनम खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गई है। बैंती बाजार निवासी मोहित गुप्ता के कारखाने का टीनसेड उड़कर तालाब में जा गिरा जिससे उनके लाखों का नुकसान हो गया।

बैंती मस्जिद के पास स्थित बरगद का पेड़ धराशाई होने से महिला श्रद्धालुओं की आस्था को गहरा आघात पहुंचा है। ज्ञात हो कि सैकड़ों वर्षों से इस वट वृक्ष कि पूरे गांव की महिलाएं पूजा अर्चना करती थी। प्रगतिशील कृषक रामकिशोर मौर्य, संगीत मिश्रा, श्रवण कुमार रावत, मनोज कुमार रावत, मोहित विक्रम, राकेश कुमार त्रिवेदी, नीरज अवस्थी आदि लोगों का कहना है कि आंधी बारिश और ओलावृष्टि से लोगों का भारी नुकसान हुआ है।

**पेड़ और घर धराशायी**


शिवगढ़ क्षेत्र में आंधी से उड़ी टीनशेड।


आंधी आने के बाद गिरी टीनशेड।

### आंधी-ओलावृष्टि से चरमराई बिजली व्यवस्था

**महराजगंज।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से झुलस रहे क्षेत्रवासियों को बुधवार दोपहर उस समय बड़ा झटका लगा, जब अचानक मौसम ने करवट ली। दोपहर करीब दो बजे आई तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और भारी ओलावृष्टि ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। हालांकि इस बदलाव ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी, लेकिन इसके साथ आई तबाही ने भारी नुकसान पहुंचाया है। थुलवासा, पहरेमऊ और अशरफाबाद सहित आसपास के कई गांवों में जमकर ओले गिरे, जिससे सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचने की सूचना है। महराजगंज-रायबरेली रोड पर एसजेएस स्कूल के पास सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन कुछ देर बाधित रहा। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ बिजली के तारों पर गिर गए, जिससे तारों के टूटने के कारण कई गांवों की बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है। मौसम की मार ने आम लोगों को खासा परेशान किया है। महराजगंज बाजार से अपने घर लौट रहे मोन गांव निवासी 55 वर्षीय जगदेव आंधी-तूफान से बचने के लिए एक पीपल के पेड़ के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान पेड़ की एक भारी डाल उनके ऊपर गिर गई, जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया। उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया है। नारायनपुर गांव में समरजीत सिंह के घर के बगल में लगा एक विशाल महुआ का पेड़ तेज हवाओं के कारण सीधा उनके घर की छत पर जा गिरा। पेड़ के गिरने से दीवार में दरारें आ गई हैं।


तेज आंधी आने से घर पर गिरा पेड़।

**वसूली का आरोप** | **48 घंटे अस्पताल में रखने का डॉक्टर ने दिया था आश्वासन, परिजनों को पहले से थी मौत होने की आशंका**

## मुर्दे का इलाज करता रहा नवजीवन अस्पताल, केस दर्ज

अमावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र में नवजीवन अस्पताल के चिकित्सक व स्टाफ कि लापरवाही के चलते हुई महिला की मौत के मामले में मृतका की बहन ने अस्पताल व स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में चिकित्सकों व स्टाफ का क्रूर चेहरा भी सामने आया है। जब महिला की रात में ही मौत हो जाने के बाद भी अस्पताल के चिकित्सक दूसरे दिन दोपहर तक मृतका के तीमारदारों से जांच व इलाज के नाम पर पैसे ऐंठते रहे और परिजनों को मृतका को देखने तक नहीं दिया गया। मामले की शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा निजी नर्सिंग होम को सील कर दिया गया है और मृतका की बहन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मटेहना मजरे निहस्था गांव निवासी सीमा बीती 27 अप्रैल को बाइक से गिर गई थी। परिजनों ने सीमा को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने सीमा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया और जिला अस्पताल से चिकित्सक ने उसे एम्स रेफर कर दिया, जहां बेड खाली न मिलने की वजह से सीमा को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद मजबूर हुए परिजनों ने सीमा को गोल चौराहे के पास स्थित नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में सीमा की बहन मीना पत्नी रंजीत कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल की रात को सीमा को भर्ती कराया गया था। आरोप है कि यहां चिकित्सक ने उसे आईसीयू में भर्ती करने की बात कही और सीटी स्कैन व अन्य जांचों के नाम पर रुपए ऐंठते रहे। स्टाफ ने सीमा के पास किसी को भी जाने नहीं दिया। मीना ने कहा कि उसकी बहन की मृत्यु रात में ही हो गई थी, लेकिन डॉक्टर जांच और इलाज के नाम पर रुपए ऐंठते रहे और 48 घंटे बाद ठीक होने का दिलासा देते रहे की आपको कम से कम 48 घंटे अस्पताल में रखना ही पड़ेगा, लेकिन परिजनों के विरोध के कारण अस्पताल कर्मियों को सीमा का शव निकालना पड़ा। मृतका की बहन मीना की तहरीर पर पुलिस ने नवजीवन अस्पताल व स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि मीना की तहरीर पर नवजीवन अस्पताल व उसके स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच की जा रही है।


रतापुर में स्थित नवजीवन अस्पताल।

### दहेज को लेकर उपजा विवाद, लौटी बारात

**बछरावां (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के देवी खेड़ा मजरे राघवपुर गांव में मंगलवार रात दहेज की मांग को लेकर एक शादी टूट गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित की बेटी की बारात नेरथुआ क्षेत्र से आई थी। जयमाल के दौरान दहेज में मोटरसाइकिल और अंगूठी की मांग की गई। कन्या पक्ष ने कुछ समय देने की बात कही, लेकिन दूल्हा नहीं माना। विवाद बढ़ने पर दूल्हे ने दुल्हन के भाई पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद दूल्हा बारात लेकर वापस लौट गया। पीड़ित पिता ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित


शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** भारत विकास परिषद शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह कचहरी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विद्या भारती के प्रदेश निरीक्षक राम जी सिंह ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। परिषद अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने संगठन को सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित बताया। नए सत्र के लिए उमेश अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रभात श्रीवास्तव को सचिव और विजय सिंह को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में संघ के सह प्रांत कार्यवाहक संजय सिंह व विभाग प्रचारक अमित कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी को अतिरिक्त राष्ट्रीय महासचिव मुकेश जैन ने शपथ दिलाई। इस दौरान नौ नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की। अतिथियों ने परिषद के 63 वर्षों के सेवा कार्यों की सराहना की। महिला इकाई को भी राष्ट्रीय महिला संयोजक अमिता जैन ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन विवेक सिंह व प्रेरणा श्रीवास्तव ने किया।

# आंधी-बारिश का कहर, युवक समेत दो की मौत

## बिजली गिरने से युवक की गई जान व माता-पिता गंभीर, पेड़ गिरने से दबकर किसान ने दम तोड़ा

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के माठा मजरे माहिया सिंदुरिया गांव में बुधवार दोपहर बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं अन्य घटना में पेड़ गिरने से एक किसान की मौत हो गई।


मोहित की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मोहित (18) पुत्र गिरजा शंकर अपने परिजनों के साथ खेत से भूसा लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान करीब ढाई बजे अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गिरजा शंकर (45) व माता सुनीता (43) गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तत्काल सीएचसी सिंहपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर बताईऔर तिलोई स्थित स्वशासी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष डी.एस. मिश्रा, लेखपाल मानस शुक्ला व तहसीलदार अभिषेक यादव मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया गया है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं कोतवाली मुंशीगंज अंतर्गत खाखर देई गांव निवासी अंबिका प्रसाद पांडे उम्र 65 वर्ष पुत्र बलभद्र पांडेय जो कि अपने छप्पर के नीचे बैठे थे, अचानक आई तेज आंधी-पानी में सफेदा का पेड़ उसी छप्पर पर गिर गया। जिससे अंबिका प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार वालों ने इसकी सूचना कोतवाली मुंशीगंज को दी। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**साइन बोर्ड गिरने से चार लोग घायल, रेफर, मुसाफिरखाना:** क्षेत्र के नन्दमहर चौराहे पर तेज आंधी-तूफान के दौरान लगा साइन बोर्ड गिर गया, जिसकी चपेट में आने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायलों में शुभम मिश्रा (27) पुत्र ओम प्रकाश मिश्रा निवासी बहोरखा थाना मुसाफिरखाना, शिव पूजन पुत्र रामबली पांडे निवासी सूबेदार का पुरवा नंदियावा थाना जामों, अहम दुबे पुत्र रिंकू दुबे तथा लक्ष्मी पुत्री रिंकू दुबे निवासी पंडित का पुरवा बेसरा पूरब थाना मुसाफिरखाना शामिल हैं। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तेज आंधी और तूफान के चलते क्षेत्र में कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति बनी रही।

### रेलवे ट्रैक पर गिरा पेड़, हादसा टला व संचालन रहा बाधित

**मुसाफिरखाना (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र में बुधवार अपराह्न करीब 3 बजे आए तेज आंधी-तूफान ने रेलवे संचालन को प्रभावित कर दिया। स्टेशन के पूर्वी आउटर के पास एक जामुन का पेड़ टूटकर रेलवे ट्रैक पर गिर गया, जिससे ट्रैक किनारे लगे विद्युत पोल संख्या 945/3 का तार भी क्षतिग्रस्त हो गया। इसी दौरान वाराणसी से जम्मूतवी जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12237 मौके पर पहुंच गई। ट्रेन पेड़ की गिरी शाखाओं से टकराते हुए आगे बढ़ी, लेकिन चालक ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से पोल पर लगा सपोर्ट रॉड टेढ़ा हो गया था और विद्युत तार बोगी की छत के बेहद करीब आ गया था, जिससे खतरा और बढ़ गया था। घटना करीब शाम 4 बजे की है। चालक ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर अमित शुक्ला के अनुसार, उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और फिलहाल केवल एक ट्रैक पर संचालन बाधित हुआ है। विद्युत विभाग की टीम के पहुंचकर तारों की मरम्मत के बाद ही ट्रेन को आगे रवाना किया जाएगा।

### ओलावृष्टि से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, बागवानों को भारी नुकसान

**सिंहपुर/अमेठी, अमृत विचार।** बुधवार को आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। सेमरौता व इंहौना विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में मौसम की मार से बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए, जबकि पेड़ गिरने से तार क्षतिग्रस्त हो गए। तेज हवा के चलते कई जगह टीन शेड भी उड़ गए, जिससे लोगों को नुकसान उठाना पड़ा। अचानक बदले मौसम के कारण क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति बाधित रही। विभागीय टीमों ने मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है, लेकिन देर शाम तक आपूर्ति पूरी तरह बहाल नहीं हो सकी थी। ग्रामीण इलाकों में अंधेरा छाने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ओलावृष्टि से किसानों और बागवानों को भी भारी नुकसान हुआ है। खासकर आम की फसल पर इसका गहरा असर पड़ा है। पेड़ों से बड़ी संख्या में कच्चे आम गिर गए, जिससे बागवानी करने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस समय आम की फसल तैयार हो रही थी, लेकिन ओलों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### रंगदारी मांगने वाले आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** एडीजे रामलाल द्वितीय की कोर्ट ने फायरिंग कर रंगदारी मांगने वाले आरोपी जौनपुर के महाराजगंज कोल्हुआ गांव के गगन सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इस मामले में दूसरे अभियुक्त आसपुर देवसरा के आनंद पाठक की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। दोनों आरोपियों के जमानत आवेदन की सुनवाई के समय राज्य की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक फौजदारी देवेंद्र कुमार गुप्ता ने दलीलों से कोर्ट को बताया कि वादी मुकदमा हरईपट्टी गांव के आशीष कुमार श्रीवास्तव के अनुसार मार्च में आरोपी उसकी दुकान के पास पहुंचे, फायरिंग कर दस हजार रुपये की रंगदारी मांगी थी। कोर्ट ने विशेष लोक अभियोजक की दलीलों को सुनकर आरोपियों का आवेदन निरस्त कर दिया।

### युवक के साथ लापता बच्ची बरामद

**अमावां (रायबरेली), अमृत विचार:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर से लापता हुई 12 वर्षीय बच्ची को पुलिस ने युवक के साथ बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित की बेटी 28 अप्रैल की शाम को घर के पास दुकान पर सामान लेने गई थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों और रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि लापता बच्ची को युवक के साथ बरामद कर लिया है।

### 2 मई को होगा टीम का चयन ट्रायल

**रायबरेली, अमृत विचार:** 7 व 8 मई को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित होने वाली यूपी स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जनपद टीम का चयन ट्रायल 2 मई 2026 को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ल ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका एएफआई से यूआईडी बना हुआ है। जिन खिलाड़ियों की यूआईडी अभी तक नहीं बनी है, वे तत्काल एथलेटिक्स कोच अनुभव मिश्रा, सौरभ कुमार, नवनीत, रजत सिंह, अमन या स्टेडियम एथलीट कोच मोहम्मद शोएब से संपर्क कर इसे बनवा सकते हैं। इस चयन प्रक्रिया में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर, 10 किमी पैदल चाल, लॉन्ग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, डिस्कस, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, हर्डल्स, डेकाथलन और हेप्थलॉन जैसी स्पर्धाओं के खिलाड़ी चयनित किए जाएंगे।

### ट्रैफिक उप निरीक्षक ने दी यातायात नियमों की जानकारी

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार:** कस्बे के मुख्य चौराहे पर तैनात ट्रैफिक उप निरीक्षक रमेश सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वह एक बाइक सवार को रोककर खुद हेलमेट पहनाते और यातायात नियमों की जानकारी देते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो ट्रैफिक पुलिस की सख्ती के साथ-साथ उनके मानवीय दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार रमेश सिंह प्रतिदिन ड्यूटी के दौरान प्राथमिक विद्यालय बछरावां के बच्चों को छुट्टी के बाद सुरक्षित हाईवे पार कराते हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बुद्धि प्रकाश अवस्थी ने बताया कि उनके इस सहयोग से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और शिक्षकों को भी सुविधा मिलती है।

# खड़े ट्रक से टकराई अनियंत्रित डीसीएम, चालक की मौत

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के रत्नेश्वर मंदिर के सामने बुधवार को एक सड़क हादसा हो गया, जहां एक डीसीएम ने सड़क किनारे खड़े टाटा ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, डीसीएम लखनऊ से सुल्तानपुर की तरफ जा रहा था तभी वह अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर इतनी तेज थी कि डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में आयशर ट्रक चालक मोहम्मद असलम पुत्र इब्राहिम निवासी कूरा मोहनगंज थाना तिलोई घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के संबंध में थानाध्यक्ष इन्हौना विवेक सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी पुलिस द्वारा एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी भेजा गया है।

**खाला के घर दावत के लिए आई बच्ची की कार की टक्कर से**


हादसे के बाद खड़ा क्षतिग्रस्त वाहन।

**मौत, जायस:** कोतवाली जायस के अंतर्गत निवासी ग्राम पूरे उदवत का पुरवा नाजिया उम्र 3 वर्ष पुत्री श्याम मोहम्मद अपने खाला के घर दावत के लिए आई थी जैसे ही गाड़ी से उतरी अचानक लखनऊ की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने जायस चौराहे पर जोरदार टक्कर मार दी ड्राइवर गाड़ी लेकर मौके पर ही फरार हो गया जिसमें माजिया को गंभीर चोटें आई जिसे फुरसतगंज सीएचसी ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने हालत को नाजुक देखते हुए रायबरेली के लिए रेफर कर दिया जहां पर डाक्टरों ने नाजिया को मृतक घोषित कर दिया । वही नाजिया अपने परिवार में तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी, पिता घर पर ही रहकर दिहाड़ी का काम करते है।

# मेधावी छात्रों को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित


कार्यक्रम में सम्मानित की गई छात्राएं व मौजूद अतिथि। अमृत विचार

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कोटवा मोहम्मदाबाद स्थित रामसेवक तिवारी मेमोरियल पब्लिक हाई स्कूल में विद्यालय परिवार ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि हाई स्कूल परीक्षा में शिवम ने 90.5, सौभाग्य 89.16 व अनामिका ने 85.03 अंक पाकर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय में कुल 62 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया और सभी उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को विद्यालय परिवार ने सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य एसबी सिंह, राम प्रताप सिंह, नीरज दीक्षित, राम बहादुर यादव, सुरेश कुमार, कृष्ण कुमार मिश्रा सहित तमाम शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

# योजनाओं के लक्ष्यों को समय पर पूरा करें

संवाददाता, अमेठी

**डीएम ने दिए निर्देश**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों सीएम डैशबोर्ड की बुधवार को मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी-अपनी योजनाओं के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूरा करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा कर प्रगति में सुधार सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों का सत्यापन कराने के साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल और जनता दर्शन से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।



बैठक करते डीएम व मौजूद अधिकारी।

उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में विभागों की रैंकिंग सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। डीएम ने चेतावनी दी कि खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी परियोजनाएं निर्धारित समय में और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। मानकहीन कार्य या अनियमितता मिलने पर संबंधित संस्था के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में कई विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**डीएम बोले-जनगणना 2027 कोई भी परिवार छूटने न पाए, अमेठी:** कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम चरण की कार्ययोजना, प्रशिक्षण, डिजिटल व्यवस्था और जन-जागरूकता जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि 7 मई से 21 मई 2026 तक मकानों की गणना हाउस लिस्टिंग का प्रथम चरण चलेगा, जबकि 22 मई से 20 जून तक इसका विस्तृत कार्य संपन्न किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि तय समयसीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

### महिला की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने लगाया अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**जायस (अमेठी), अमृत विचार।** कोतवाली अंतर्गत पूरे उसरहा मजरे बहादुरपुर निवासी 40 वर्षीय महिला की रायबरेली स्थित नवजीवन हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गम्भीर आरोप लगाये है कि इलाज में लापरवाही बरती गयी जिससे उसकी मौत हो गयी। मृतक रंगीता सरोज के पति राजेश ने बताया कि मामूली परेशानी के चलते गत मंगलवार को इलाज हेतु नवजीवन अस्पताल रायबरेली में भर्ती कराया था। जहां बिना किसी योग्य चिकित्सक के नर्सो एवं अस्पताल के कर्मचारियों द्वारा इलाज किया जा रहा था। जहां उचित इलाज के अभाव में गत रात्रि उसकी मौत हो गयी। मृतक की बहन रीता ने बताया कि मैं अस्पताल में मौजूद थी लेकिन अनुरोध के बावजूद हमें अपनी बहिन से मिलने नहीं दिया जा रहा था। जब काफी जद्दोजहद के बाद हमे वहां जाने दिया तो वहां एक नर्स के अलावा कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था मेरी बहिन की हालत गम्भीर थी जब मैंने डाक्टर के बारे में पूछा तो बताया गया यहां कोई डाक्टर नहीं रहता है केवल दौरे पर आते हैं। जब अपनी बहन को दूसरे अस्पताल ले जाने की कोशिश की तब तक उनकी मौत हो गयी। फिलहाल परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव उन्हें सौंप दिया है।

### निरीक्षण में डीपीआरओ ने जताई नाराजगी

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** क्षेत्र के भवसिंहपुर पंचायत भवन के पास स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट पीडब्ल्यूएम प्लांट ब्लोअर मशीन के अभाव में बंद पड़ा है। लाखों रुपये की लागत से स्थापित इस प्लांट का उद्देश्य क्षेत्र में प्लास्टिक, कांच, पन्नी व गत्ते जैसे कचरे का निस्तारण कर स्वच्छता बनाए रखना और स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना था, लेकिन आवश्यक मशीनरी न होने से यह योजना ठप हो गई है। जिला पंचायती राज अधिकारी (डीपीआरओ) अमेठी के औचक निरीक्षण के दौरान यह गंभीर लापरवाही सामने आई। निरीक्षण में पाया गया कि ब्लोअर मशीन न होने के कारण प्लांट संचालित नहीं हो पा रहा है, जिससे क्षेत्र में कचरा फैल रहा है और ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी नहीं मिल पा रहे हैं। इस लापरवाही पर डीपीआरओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) संग्रामपुर, लाल शशिकांत सिंह ने ग्राम विकास अधिकारी सुनील कुमार को तत्काल प्लांट चालू कराने के निर्देश देते हुए नोटिस जारी किया है।लाल शशिकांत सिंह ने बताया कि ब्लोअर मशीन प्लास्टिक व पन्नी जैसे कचरे को बारीक काटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे रीसाइक्लिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित होती है। इसके अभाव में प्लांट पूरी तरह निष्क्रिय हो गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आवश्यक मशीन उपलब्ध कराकर प्लांट को चालू कराया जाएगा, ताकि कचरा प्रबंधन व्यवस्था सुधर सके और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।



पीडब्ल्यूएम प्लांट का निरीक्षण करते डीपीआरओ।

### 6 मई से बेरोजगारों को बनाया जाएगा हुनरमंद

**रायबरेली, अमृत विचार।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान दाऊदनगर द्वारा बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एसी एवं फ्रिज रिपेयरिंग तथा मोबाइल रिपेयरिंग और सर्विसिंग का प्रशिक्षण बैच 6 मई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थियों को पूरी तरह नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को तकनीकी रूप से कुशल बनाकर उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इच्छुक अभ्यर्थियों को 30 अप्रैल से 5 मई 2026 के बीच (1 और 3 मई को छोड़कर) किसी भी कार्यदिवस में संस्थान पहुंचकर कौशल पंजीकरण कराना होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

### भीषण गर्मी के बीच लगाए गए शीतल जल प्याऊ

**डीह (रायबरेली)।** क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू को देखते हुए सामाजिक विकास समिति द्वारा जनसेवा की सराहनीय पहल की गई है। समिति ने राहगीरों के लिए शीतल जल प्याऊ की स्थापना कर ठंडा और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। साथ ही जरूरतमंद वर्ग जैसे रिक्शाचालक, आइसक्रीम विक्रेता, टेम्पो चालक और श्रमिकों को धूप से बचाव के लिए टोपियों का वितरण भी किया गया। समिति के अध्यक्ष प्रभाकर पांडेय, सचिव इंजीनियर शुभम अग्रहरि, उपाध्यक्ष शशि सिंह सहित कई सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में सुंदरगंज चौराहा, रामलीला स्थल, अस्पताल मोड़ और टेकारी मोड़ पर कुल चार स्थानों पर प्याऊ स्थापित किए गए हैं।

### ओलावृष्टि और बारिश से भीषण गर्मी से राहत

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** अमेठी जिले के अमेठी , शुकुल बाजार, जगदीशपुर, संग्रामपुर, जगदीशपुर आदि क्षेत्र में बुधवार दोपहर अचानक मौसम ने करवट ले ली। करीब 1 से 2 बजे के बीच आसमान में घने बादल छा गए और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। इस दौरान छोटे-छोटे नमक के दाने जैसे ओले भी गिरने लगे, जिससे भीषण गर्मी से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली।अप्रैल माह के अंत में पड़ रही तेज गर्मी और लू के बीच अचानक बदले मौसम ने पूरे क्षेत्र का माहौल बदल दिया। दोपहर में ही अंधेरे जैसा दृश्य हो गया, जिससे सड़कों पर चल रही गाड़ियों को लाइट जलानी पड़ी। घने बादलों के बीच तेज बारिश और ओलों की कड़कड़ाहट से वातावरण गूंज उठा और जमीन पर गिरते ओले मोतियों की तरह बिखरते नजर आए।इस बारिश और ओलावृष्टि से एक ओर जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं कुछ स्थानों पर हल्का नुकसान भी हुआ।

# ब्लाक दिवस में अधिकारियों के न मिलने पर किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** खण्ड विकास कार्यालय में बुधवार को आयोजित ब्लॉक दिवस के दौरान बीडीओ समेत अन्य कर्मचारियों के अनुपस्थित रहने पर किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही विकास खण्ड परिसर में खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंप को लेकर भी नाराजगी जताई।



शिवगढ़ ब्लाक परिसर में प्रदर्शन करते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ब्लॉक दिवस पर ग्राम पंचायतों से आए लोगों की समस्याएं सुनने के लिए खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी जरूरी होती है, लेकिन परिसर के एक कक्ष में केवल ब्लॉक दिवस का बैनर लगा मिला और वहां सिर्फ एक कर्मचारी मौजूद था। बाकी अधिकारियों और कर्मचारियों की कुर्सियां खाली रहीं। इस पर किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष महादेव प्रसाद वर्मा, राजेश सिंह, रामलखन, रामकिशन, घनश्याम समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और एक कर्मचारी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि बीडीओ अक्सर कार्यालय में नहीं रहतीं हैं। परिसर में लगा इंडिया मार्का हैंडपंप भी लंबे समय से खराब पड़ा है।

वहीं खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने बताया कि जगतपुर में लाइव टेलीकास्ट कार्यक्रम में उनकी ड्यूटी लगी थी।

# दुष्कर्म के बाद युवती की हत्या में फरार आरोपी पर 50 हजार का इनाम

संवाददाता, कुंडा (प्रतापगढ़)

**सख्ती**

- एसपी ने इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी

**अमृत विचार।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ 25-26 अप्रैल की रात दुष्कर्म के बाद मुंह दबाकर हत्या कर दी गई थी। युवती के साथ दरिंदगी करने के बाद उसका शव आम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जब मामले की जांच शुरू की तो मोबाइल की कॉल डिटेल ने पूरी घटना की परतें उधेड़ दी। मुख्य आरोपी जब पुलिस की गिरफ्त में आया तो उसने पूरे घटना क्रम और उसमें शामिल लोगों के नाम बता दिए।

घटना के बाद फरार हुए आरोपी शुभम सोनकर निवासी पम्पापुर परियावां नवाबगंज की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 25 हजार का इनाम घोषित किया था। स्वॉट समेत पुलिस की चार टीमें शुभम सोनकर की गिरफ्तारी को गैर जनपद तक छापेमारी कर चुकीं लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। उसी मामले में एसपी ने मंगलवार देर रात शुभम सोनकर पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दिया। पुलिस टीमें बुधवार को भी शुभम सोनकर की गिरफ्तारी को इलाके की खाक छानती रहीं। इंस्पेक्टर नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तीसरे और 50 हजार के फरार इनामी आरोपी की तलाश की जा रही है।

**आयोजन**

**प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह ने गंगा एक्सप्रेस-वे के कार्यक्रम का किया शुभारम्भ, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य ने देखा लाइव प्रसारण**

# गंगा एक्सप्रेस-वे से बदलेगी प्रदेश की तस्वीर : प्रभारी मंत्री

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 36230 करोड़ की लागत से निर्मित प्रदेश के 594 किमी.लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे (मेरठ-प्रयागराज) का लोकार्पण जनपद हरदोई में किया गया। प्रतापगढ़ के तहसील लालगंज के ग्राम सरायसंग्राम सिंह स्थित टोल प्लाजा पर समारोह पूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री व परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे से प्रदेश की तस्वीर बदलेगी। यह लगभग 594 किलोमीटर लंबा है। यह मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जुदापुर दांदू गांव तक जाएगा। यह प्रदेश के 12 प्रमुख जनपदों मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा,संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज को जोड़ते हुए आवागमन को सुगम बनाएगा। औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति देगा। गंगा एक्सप्रेस-वे के बन जाने से 5-6 घंटे में यात्रा कर सकेगें। मेरठ से अब प्रयागराज की धरती पर आना आसान हो गया है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, पूर्व मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती,पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा, डीएम शिव सहाय अवस्थी,एसपी दीपक भूकर, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव,एडीएम आदित्य प्रजापति,पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व विधायक बृजेश सौरभ,पूर्व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, ओम प्रकाश त्रिपाठी,केके सिंह, शिक्षक विधायक के प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह,राजेश सिंह, रामजी मिश्र,नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, पवन गौतम,राघवेन्द्र शुक्ल समेत लोगों ने सजीव प्रसारण का अवलोकन किया।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रतापगढ़ के प्रभारी मंत्री दयाशंकर सिंह व मौजूद अन्य।

### हास्यास्पद : लोकार्पण में लगा दी गई शिक्षकों की ड्यूटी, बाद में की गई निरस्त

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** इस बार नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव एवं अफसरों ने हवाई चप्पल पहने पांच चिन्हित बच्चों को सम्मानित किया था। मामला मीडिया में आने के बाद विभाग की बहुत किरकिरी हुई। इसके बाद बीएसए प्रतापगढ़ की आईडी से सोशल साइट पर पड़ी पोस्ट हटा दी गई। इतना कुछ के बावजूद भी गंगा एक्सप्रेस वे लोकार्पण में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी लगा दी गई। बीएसए प्रतापगढ़ ने एक दिन पहले ही ब्लॉक वार शिक्षकों की ड्यूटी का आदेश जारी कर दिया। बुधवार को शिक्षक कार्यक्रम स्थल पर पहुंच भी गए। शिक्षकों के वहां पहुंचने के बाद ड्यूटी का पत्र सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। लोकार्पण कार्यक्रम में शिक्षकों के पहुंचने के बाद ड्यूटी का आदेश निरस्त कर दिया गया। चर्चा रही कि शिक्षकों के बीच डैमेज कंट्रोल करने के लिए ऐसा किया गया। खास बात यह रही कि जनगणना का प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनर एवं ट्रेनिंग लेने वाले शिक्षकों की भी ड्यूटी लगा दी गई। गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण में बीएसए द्वारा शिक्षकों की लगाई गई ड्यूटी उसके बाद निरस्त का आदेश सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना रहा।


प्रसारण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

